


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938


नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 263 | ग्वालियर, बुधवार, 12 जुलाई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## न्यूज ट्रैक

### अब रिकॉर्ड सस्ता होगा एलपीजी सिलेंडर सिर्फ 155 रुपए तय हुई कीमत!



**नई दिल्ली।** घरेलू गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है. कम खर्च वाले लोगों को बी 14.2 किग्रा का सिलेंडर 1100 रुपए में खरीदना पड़ता है. जिससे लाखों परिवारों का बजट तक खराब हो जाता है. ताजा जानकारी के मुताबिक अब पेट्रोलियम कंपनी 2 किग्रा का सिलेंडर लाने की तैयारी में हैं. जिसकी कीमत सिर्फ 155 रुपए निर्धारित किये जाने पर बात चल रही है. आपको बता दें कि इससे पहले भी 5 किग्रा के कंपोजिट सिलेंडर को मार्केट में उतारा गया था. जो किफायती होने के साथ-साथ काफी हल्का भी था. उसे कहीं भी उठाकर ले जाया जा सकता था. दरअसल, हमारे देश में करोड़ों की जनसंख्या ऐसी भी हैं, जिनका 1100 रुपए का सिलेंडर खरीदने से भी बजट खराब होता है. साथ ही उनका खर्च भी ज्यादा नहीं होता है. इसलिए उन्हें एक साथ 1100 रुपए खर्चना अच्छा नहीं लगता. ऐसे लोगों की समस्या को देखते हुए छोटू के बाद अब मुन्ना कंपोजिट सिलेंड डिजाइन किया गया है. जिसमें सिर्फ 2 किग्रा गैस आएगी. साथ ही इसकी कीमत भी 155 रुपए रखी गई है. ये सिलेंडर ऐसे परिवारों के लिए वरदान साबित होगा. जिनके परिवार छोटे हैं साथ ही घर चुल्हे पर भी काम होता है. आपको बता दें कि इससे पहले 7 किग्रा का कंपोजिट सिलेंडर लॉन्च किया गया था. जो अभी तक मार्केट में है. घरेलू सिलेंडर अभी जो उपयोग में लिया जा रहा है, उसका भार 14.2 किलोग्राम है. कंपोजिट सिलेंडर हल्?का जरूर है, लेकिन यह काफी मजबूत है. इसमें थ्री लेयर हैं. दस किलोग्राम के कंपोजिट सिलेंडर में अब 10 किलोग्राम गैस भी होती है. उस सिलेंडर को छोटू के नाम से पुकारा जाता है. लेकिन यह सिलेंडर बहुत ही छोटा है. लेकिन मजबूती इसकी भी उतनी ही है. साथ ही 2 किग्रा के सिलेंडर में कम से कम 5 किलोग्राम गैस भी मिलेगी. हालांकि अभी तक इसे प्रस्ताव के लिए भेजा गया है.

### हॉस्टल में लड़कियों से पीरियड्स को लेकर सवाल पूछने पर एसडीएम गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश के झाबुआ में एक सरकारी छात्रावास में आदिवासी लड़कियों से यौन उत्पीड़न के मामले में एसडीएम को गिरफ्तार किया गया है. एसडीएम का नाम सुनील कुमार झा है. मीडिया जानकारी के मुताबिक, एसडीएम सुनील कुमार झा रविवार को आदिवासी लड़कियों के हॉस्टल का निरीक्षण करने गए थे. इसी दौरान उन्होंने हॉस्टल में लड़कियों से यौन उत्पीड़न के बारे में बात की. हालांकि, नाबालिग लड़कियां इस तरह की बात करने से असहज महसूस कर रही थी, फिर भी एसडीएम नाबालिग लड़कियों से बातचीत का सिलसिला जारी रखा. छात्राओं ने इसकी शिकायत हॉस्टल प्रबंधन को की. प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी एसडीएम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया. जहां कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. वहीं, कलेक्टर ने एसडीएम सुनील कुमार को निलंबित कर दिया है. हॉस्टल में लड़कियों से पीरियड्स को लेकर सवाल पूछने पर स्ठरूगिरफ्तार, लड़कियों को टच करने का भी आरोप यह खबर अभी ब्रेकिंग न्यूज है. इसके अपडेट आ रहे हैं. जैसे-जैसे अपडेट आते जाएंगे हम आप तक पहुंचाएंगे.

### बाइक पर बदमाश, पर्स पर झपट्टा! तभी आया लपेटे में और फिर...

**नई दिल्ली।** चोर मचाए शोर! खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो की है, जिसमें एक चोर दिनदहाड़े एक महिला के पर्स पर झपट्टा मारता है. वारदात के बाद चोर जैसे ही मौके से फरार होने लगता है, तभी सामने से एक चार चक्का वाहन उसके सामने आ जाता है. उसके बाद जो होता है, वो न ही इससे पहले आपने कहीं देखा होगा और न ही कभी सुना होगा. दरअसल सोशल मीडिया की दुनिया में एक से बढ़ कर एक चोरी की वीडियो मौजूद है, जिसमें कभी चोर बाइक चुरा रहा है, कभी कार तो कभी किसी का पर्स. मगर आज जो वीडियो आप देखेंगे उसमे चोर ने लगभग अपनी वारदात में कामयाबी हासिल कर ही ली थी, लेकिन तभी दरअसल ये पूरा वीडियो एक सीसीटीवी फुटेज का है, जिसमें एक महिला स्लिंग बैग लटकाए सड़क से गुजरती दिखाई देती है. तभी अचानक पीछे से एक मैरून रंग की बाइक पर एक शख्स आता है और उस महिला के बिल्कुल करीब अपनी बाइक रोकता है. ये देख महिला घबरा जाती है, मगर इससे पहले की वो वहां से भाग पाती, मैरून बाइक वाला वो शख्स उसे दबोच लेता है और उसका स्लिंग बैग छीन लेता है. महिला जोर-जोर से चिल्लाने लगती है, इस बीच वो वारदात को अंजाम देकर फरार होने लगता है, लेकिन तभी अचानक सामने से एक सफेद कार आ जाती है।



## उप्र में मेगा ई-ऑक्शन से औद्योगिक विकास को मिलेगी रफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को रफ्तार देने में प्रयासरत प्रदेश सरकार अब मेगा ई-ऑक्शन के माध्यम से बड़े स्तर पर इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट्स के लिए प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया को मूर्त रूप देने जा रही है। ऐसे में, औद्योगिक विकास, इस लक्ष्य को हासिल करने की अहम कड़ी हैं और यही कारण है कि इस सेक्टर पर सीएम योगी समेत पूरी राज्य सरकार का विशेष फोकस है। अब लखनऊ, कानपुर, ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी, अयोध्या, आगरा, मेरठ, गाजियाबाद, बरेली, गोरखपुर व अलीगढ़ में इंडस्ट्रियल प्लॉट्स के ऑक्शन के लिए 13 जुलाई सुबह 10 बजे ऑनलाइन ऑक्शन का आयोजन हो रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास विभाग (यूपीसीडा) द्वारा आयोजित कराए जा रहे इस मेगा ई-ऑक्शन में कुल मिलाकर 154 इंडस्ट्रियल, 3 ग्रुप हाउसिंग, एक नर्सिंग होम, एक वेइंग ब्रिज, 8 वेयरहाउस के लिए प्लॉट्स और फ्लैटेड फैक्टरी में 10 रेंटेड हॉल के एलोकेशन का मार्ग प्रशस्त होगा। गुरुवार को होने जा रही इस मेगा बिडिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग करने के लिए



आवेदन, कैटेलॉग डाउनलोडिंग, डॉक्यूमेंट फाइलिंग व डाउनलोडिंग समेत फीस जमा कराने की प्रक्रिया पहले ही ऑनलाइन माध्यम के जरिए पूरी कराई जा चुकी है। इतना ही नहीं, इन सभी प्रस्तावित प्लॉट्स व रेंटेड हॉल की बेस प्राइसिंग भी तय कर दी गई है। इसी के आधार पर बिडिंग प्रक्रिया के दौरान बोली लगाने की गतिविधि को अंजाम दिया जाएगा। इस ऑक्शन को यूपीसीडा की आधिकारिक वेबसाइट पर 13 जुलाई सुबह 10 बजे से कंडक्ट कराया जाएगा और करोड़ों की बोलियां लगने व प्लॉट्स के एलोकेशन का मार्ग प्रशस्त होगा। सरकार की ओर से मिली जानकारी के अनुसार जिन इंडस्ट्रियल प्लॉट्स का एलोकेशन इस ई-बिडिंग के माध्यम से किया जा रहा है, उनकी बेस प्राइसिंग तय कर दी गई है। बेस प्राइसिंग के लिहाज से ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी, अयोध्या, लखनऊ, कानपुर, झांसी व आगरा की इंडस्ट्रियल प्लॉटिंग्स की सबसे ज्यादा बेस प्राइस रखी गई है। इनमें से कई की कीमत करोड़ों में है।

## सुप्रीम कोर्ट रोजाना करेगा अनुच्छेद 370 मामले की सुनवाई

**नई दिल्ली।** 370 जम्मू-कश्मीर से 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के खिलाफ दायर याचिकाओं के मामले की सुप्रीम कोर्ट रोजाना सुनवाई करेगा. सीजेआई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ 2 अगस्त से इस मामले की सुनवाई शुरु करेगी. मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने इस मामले की याचिकाओं पर सुनवाई की. इसके साथ ही पीठ ने मामले में सभी पक्षकारों से 25 जुलाई तक अपना जवाब देने के लिए कहा है. शीर्ष कोर्ट ने सुनवाई के दौरान बड़ी टिप्पणी की. जिसमें एससी ने कहा कि वो केंद्र द्वारा जम्मू-कश्मीर के हालात पर दाखिल नए हलफनामे को लेकर सुनवाई नहीं करेगा. कोर्ट ने कहा कि इसका संवैधानिक प्रश्न से कोई लेना-देना नहीं है. हालांकि, पीठ ने सिर्फ संवैधानिक मुद्दे पर सुनवाई करने की बात कही. बता दें कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के खिलाफ कुल 23 याचिकाएं दाखिल की गई हैं. इस मामले की सुनवाई के लिए गठित की गई संविधान पीठ में चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस सूर्यकांत शामिल हैं. बताया जा रहा है कि पीठ सोमवार और शुक्रवार को छोड़कर इस मामले की सुनवाई सुबह साढ़े दस बजे से करेगी. पीठ ने कहा कि इस मामले से जुड़ी फाइलें और सभी



दस्तावेज पेपर लेस बनाए जाएं. इसके साथ ही सभी पक्षों को अपने जवाब इलेक्ट्रॉनिक मोड में फाइल करने को कहा गया है. मंगलवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान शीर्ष कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता शाह फैजल और शेहला रशिद अपनी याचिका वापस ले चुके हैं. इस मामले में वरिष्ठ वकील राजू रामचद्रंन ने बताया कि इन दोनों के नाम अनुच्छेद 370 मामले की खिलाफ दायक याचिकाकर्ता की सूची से हटाने के लिए चीफ जस्टिस ने रजिस्ट्री को निर्देश दे दिया है. बता दें कि इस मामले में अभी तक लीड पिटीशन शाह फैजल बनाम भारत सरकार के नाम से लिस्ट की जाती थी. अब ये मामला नए नाम से कॉज लिस्ट में दर्ज किया जाएगा. चीफ जस्टिस ने कहा कि अब इसे ऋ्न्र-/ह्लद्बष्द्द 370 के नाम से कार्यसूची में सूचीबद्ध किया जाएगा. बता दें कि अनुच्छेद 370 मामले के बचाव में सोमवार को ही केंद्र ने शीर्ष कोर्ट में ताजा हलफनामा दायर किया. जिसमें कहा गया कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद पूरे क्षेत्र ने शांति, विकास और संपन्नता का अभूतपूर्व युग देखा है. इसके साथ ही इस हलफनामें में केंद्र ने कहा कि अनुच्छेद 370 निरस्त करने के क्षेत्र में विकास, प्रगति, सुरक्षा और स्थिरता आई है जो अनुच्छेद-370 लागू रहने के दौरान कहीं दिखाई नहीं देती थी.

## पश्चिम बंगाल में तनाव के बीच मतगणना जारी



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव का आज रिजल्ट आ रहा है. सुबह 8 बजे शुरु हुई वोटों की गिनती के बाद कुछ सीटों के परिणाम आ गए हैं. तो बाकी सीटों के रुझान मिलना शुरु हो गए हैं. रुझानों में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस को बढ़त मिली हुई है. इसके साथ ही टीएमसी ने ग्राम पंचायत की 10 सीटें जीत ली हैं. फिलहाल टीएमसी 2548 सीटों पर आगे चल रही है. तो वहीं बीजेपी 130 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है. वहीं पंचायत समिति की 261 सीटों पर टीएमसी ने बढ़त बनाई हुई है. सीपीआई को रुझानों में सिर्फ चार सीटों पर ही बढ़त मिली हुई है. जबकि सीपीआई (एम) 131 सीटों पर आगे चल रही है. कांग्रेस 18 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं. जबकि अन्य 26 और निर्दलीय प्रत्याशी 69 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं. वहीं जिला परिषद की 928 सीटों में 22 के रुझान आ चुके हैं जिनमें में टीएमसी को बढ़त मिली हुई है. जबकि जिला परिषद में अभी तक बीजेपी और कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला है. बता दें कि पश्चिम बंगाल की 74 हजार पंचायतों के लिए 8 जुलाई को वोट डाले गए थे. मतदान वाले दिन बंगाल में जमकर हिंसा हुई और पोलिंग बूथों पर मारपीट के साथ-साथ लूटपाट और आगजनी की घटनाएं भी देखने को मिली. उसके बाद 19 जिलों की 697 बूथों पर मतदान रद्द कर दिया था. इन बूथों पर कल यानी सोमवार (10 जुलाई) को पुनर्मतदान हुआ था. बता दें कि पश्चिम बंगा में 8 जुलाई को हुए मतदान के दौरान हिंसा की अलग-अलग घटनाओं में 19 लोगों की मौत हुई थी. बता दें कि पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव का 8 जून को एलान किया गया था. इसके बाद से ही राज्य में हिंसा का दौर शुरू हो गया. जिसके बाद अब तक बंगाल में 39 लोगों की जान जा चुकी है. बीती रात (सोमवार रात) को ही कूचबिहार के दिनहाटा में वोटिंग सेंटर के बाहर टीएमसी और बीजेपी समर्थकों के बीच भिड़ंत हो गई.

## गोवा पुलिस ने जुआ खेलने में शामिल 30 लोगों को किया गिरफ्तार

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए गोवा पुलिस ने सोमवार को जुआ गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में लगभग 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उत्तरी गोवा में दस मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि तटीय राज्य के दक्षिण जिले में 20 मामले दर्ज किए गए हैं। एक नागरिक द्वारा अवैध जुआ गतिविधियों की शिकायत करने के बाद शुक्रवार को गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने लोगों को जुआ गतिविधियों पर नकेल कसने का आश्वासन दिया था।मुख्यमंत्री ने दूरदर्शन-पणजी पर फोन-इन कार्यक्रम हैलो गोयनकर के माध्यम से आम जनता के साथ लाइव बातचीत के दौरान यह बात कही।




कार्यक्रम के दौरान एक नागरिक प्रीतम हरमलकर ने मुख्यमंत्री के संज्ञान में यह बात लायी थी कि मंदिरों की नगरी कहे जाने वाले पोंडा में खुलेआम जुए की गतिविधियां संचालित होती हैं। हरमलकर ने मामले में कार्रवाई की मांग की। हरमलकर ने अपनीशिकायत में कहा कि ÷सड़क किनारे खुलेआम जुआ गतिविधियां चल रही हैं। हाल ही में, लोगों ने मिनी कैसीनो के बारे में शिकायत की थी जिन पर छापे मारे गए, लेकिन उनका संचालन यहां फिर से शुरू हो गया है। उन्हें जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सावंत ने कहा, ÷केवल पोंडा में ही नहीं, बल्कि जहां भी ऐसी जुआ गतिविधियां चल रही हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी। मैं विभाग को कल से कार्रवाई करने का निर्देश दे रहा हूं। सूत्रों ने बताया कि पोंडा पुलिस स्टेशन और अन्य सरकारी कार्यालयों के नजदीक खोखे में मटका जुआ गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। एक सूत्र ने कहा, कुछ लोगों ने अपने मटका जुआ संचालन को कियोस्क से डिजिटल मोड में स्थानांतरित कर दिया है, जहां वे मोबाइल फोन पर लेनदेन का प्रबंधन करते हैं। हालांकि, सोमवार को पोंडा पुलिस क्षेत्राधिकार में केवल एक मामला दर्ज किया गया था।

## ट्रैक्टर से कुचलकर नाबालिग की मौत

*गुवाहाटी। असम के कामरूप ग्रामीण जिले के रंगिया के पास मंगलवार को एक 15 वर्षीय लड़के की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक नाबालिग मसुक अफरीद खेत की जुताई के दौरान ट्रैक्टर चालक के बगल में बैठा था। बच्चा अचानक ट्रैक्टर से गिर गया, जिससे वह वाहन की चपेट में आ गया। आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।*

## दिल्ली हाईकोर्ट में नवल किशोर की जमानत पर 5 सितंबर को सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को टेरर फंडिंग मामले में आरोपी कारोबारी नवल किशोर कपूर की जमानत याचिका पर 5 सितंबर को सुनवाई तय की है। कपूर पर जम्मू-कश्मीर में कथित तौर पर आतंकी फंडिंग और अलगाववादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत अपराध का आरोप लगाया गया है। कपूर के वकील साहिल दत्ता ने सुनवाई के दौरान अदालत को बताया कि उन्होंने एक संकलन रिपोर्ट पेश की है, और मामले को टालने के लिए कहा क्योंकि वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंसाल्वेस अस्वस्थ्य होने के कारण उपलब्ध नहीं थे। जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल और गौरांग कंठ की खंडपीठ ने दत्ता के अनुरोध के आधार पर स्थगन मंजूर कर लिया। अदालत ने अपील में दलीलें पेश करने के लिए नियुक्त वरिष्ठ वकील कॉलिन गोंसाल्वेस को अकोमोडेट्स (समायोजित) करने के लिए मामले को स्थगित कर दिया। इस समय कॉलिन गोंसाल्वेस अस्वस्थ हैं। रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में इसी मामले में एक और आरोपी यासीन मलिक को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। इससे पहले, अदालत ने कपूर और मामले में आरोपी अन्य कश्मीरी अलगाववादी नेताओं के खिलाफ आरोप तय किए थे, जिनमें फारूक अहमद डार उर्फ बिट्टा कराटे, शब्बीर शाह, मसर्रत आलम, मोहम्मद यूसुफ शाह, आफताब अहमद शाह, अल्ताफ अहमद शाह, नईम खान, मोहम्मद अकबर खांडे, राजा मेहराजुद्दीन कलवल, बशीर अहमद भट, जहूर अहमद शाह वटाली, शब्बीर अहमद शाह और अब्दुल रशीद शेख शामिल थे।




## शादी पूर्व संबंधों को लेकर ब्लैकमेल कर रहा था प्रेमी, महिला ने दो भाइयों के साथ मिलकर की हत्या

**रांची।** झारखंड के पलामू में एक महिला एवं उसके दो भाइयों ने मिलकर एक 19 वर्षीय युवक की हत्या कर दी और शव को जंगल में दफना दिया। महिला का कहना है कि युवक विवाह पूर्व संबंधों को लेकर उसे ब्लैकमेल कर रहा था। पुलिस ने लगभग 15 दिनों बाद इस हत्याकांड का खुलासा किया है। मंगलवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में युवक के शव को कब्र से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मारे गए युवक का नाम नयन कुमार सिंह है। वह पलामू के छतरपुर का रहने वाला था। बीते 22 जून से वह अचानक घर से लापता हो गया। घरवालों ने थाने में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि नयन का एक युवती के साथ प्रेम संबंध था। सूचना के आधार पर पुलिस युवती के पाटन थाना अंतर्गत बरसैयता गांव पहुंची। पता चला कि उसकी शादी हो चुकी है और वह छत्तीसगढ़ में रहती है। पुलिस ने संदेह के आधार पर युवती के ससुराल जाकर उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। आखिरकार वह पुलिस के सामने टूट गई और इस हत्याकांड का खुलासा हुआ। उसने बताया कि शादी के पहले नयन के साथ उसके संबंध थे। शादी के बाद भी वह उसे पुराने संबंधों के आधार पर ब्लैकमेल कर रहा था। कुछ दिन पहले वह अपने मायके आई तो नयन उससे मिलने आ पहुंचा। उसने अपने दोनों भाइयों को इसकी जानकारी दी। फिर तीनों ने मिलकर उसकी हत्या का प्लान रचा। गला दबाकर हत्या के बाद शव को जंगल में दफना दिया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## भारत रचेगा इतिहास! पूरी तरह से तैयार है मिशन चंद्रयान-3

**नई दिल्ली।** 14 जुलाई को दुनिया देखेगी भारत की ताकत! चंद्रयान-3 के जरिए हमारा देश नया कीर्तिमान रचने को तैयार है. शुक्रवार को पूरी दुनिया इस ऐतिहासिक लम्हे की चशमदीद रहेगी. भारत की अंतरिक्ष एजेंसी ढ्ढस्क्रह्र मिशन चंद्रयान-3 के लिए पूरी तरह तैयार है. इस बार भारत के चंद्र मिशन में कोई चूक न हो, इसके लिए चंद्रयान-3 को असंख्य विफलताओं के लिए खास तरह से डिज़ाइन किया गया है. ये मिशन सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए भी अहम है. ऐसे में इसकी तैयारियों को लेकर खुद इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ कई जानकारियां दे रहे हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने इस बार में कई बाते बताई हैं. उनके मुताबिक भारत की अंतरिक्ष एजेंसी के इंजीनियर, श्रीहरिकोटा से शुक्रवार दोपहर 2.35 बजे चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग से पहले, कई तरह की गलती या विफलताओं की तलाश में है, ताकि तय समय पर उनसे निपटा जा सके. उनके मुताबिक चंद्रयान-3 को सफलता-आधारित डिज़ाइन के बजाय, विफलता-आधारित डिज़ाइन के तौर पर डेवलप किया गया है, ताकि इसके लॉन्चिंग के पहले



और बाद में आने वाली किसी भी तरह की परेशानी को पूरी तरह से खत्म किया जा सके. इसी के मद्देनजर चंद्रयान-3 में सेंसर, इंजन, एल्गोरिदम या गणना सभी को ठीक तरह से क्रोसचेक किया जा रहा है. गौरतलब है कि इसरो का तीसरा चंद्र मिशन चंद्रयान-3, 23-24 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास लैंडिंग कर सकता है. इस चंद्रयान-3 के साथ एक लैंडर और एक रोवर है. दोनों एक चंद्र दिवस- 14 पृथ्वी दिवस के लिए वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए पेलोड से भरे हुए हैं। बता दें कि चार साल पहले सितंबर 2009 में चंद्रयान-2 को ठीक ढंग से लॉन्च किया गया था, वो चंद्रमा तक पहुंच भी गया था, लेकिन अंतिम अवतरण के दौरान कुछ गलतियों की वजह से वो चंद्रमा से टकरा गया. इन्हीं गलतियों को ध्यान में रखते हुए चंद्रयान-3 को डिजाइन किया गया है. साथ ही किसी भी तरह की विफलताओं से बचने के लिए इसमें कई तरह के बदलाव भी किए गए हैं. चंद्रयान-2 में हुई गलतियों पर इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने भी कुछ जानकारी दी है, उनके मुताबिक चंद्रयान-2 लैंडर सही ढंग से चांद तक पहुंच गया था, मगर उसके उतरने के दौरान, इसके वेग को कम करने के लिए डिज़ाइन किए गए इंजनों ने अपेक्षा से अधिक जोर दे दिया, जिस वजह से कुछ फॉल्ट के बाद ये क्रैशलैंड कर गया. ऐसे में अब चंद्रयान-3 में लैंडिंग ज़ोन को 4.0 किमी गुणा 2.5 किमी तक विस्तारित कर दिया गया है, जो पिछले चंद्रयान-2 मिशन की तुलना में 40 गुना तक बड़ा है, ताकि ये चांद की किसी तरह की सतह पर भी आराम से लैंडिंग कर सकता है. साथ ही इसमें पहले के मुकाबले ज्यादा ईंधन भरा गया है, ताकि चंद्रयान-3 को वैकल्पिक लैंडिंग साइटों पर जाने में कोई भी परेशानी न हो. साल 2008 में लॉन्च हुआ चंद्रयान-1 ने बड़ी सफलता हासिल की थी. चंद्रयान-1 ने चंद्रमा पर पानी के अणुओं के हस्ताक्षर का पता लगाने में काफी ज्यादा सहायक भूमिका निभाई थी.

## समाधान आपके द्वार का एक दिवसीय प्रशिक्षण एसडीएम कार्यालय में हुआ संपन्न

राकेश परिहार पिछोर
9691338626



पिछोर (शिवपुरी) अनुविभागीय कार्यालय पिछोर के सभाकक्ष में 11 जुलाई मंगलवार को समाधान आपके द्वार का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमें सभी विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे। पिछोर अनुविभागीय दंडाधिकारी अरविंद शाह द्वारा बताया गया कि आज अनुविभागीय स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण समाधान आपके द्वार के कार्यक्रम के तहत बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विभागों के विभाग प्रमुखों को निर्देश देते हुए कहा गया कि राजस्व विभाग में जो भी प्रकरण लंबित पड़े हुए हैं उन प्रकरणों को शीघ्रता से ध्यान देकर निपटाए जाएं ,यदि ग्राम पंचायत स्तर पर कोई भी समस्या आपके समक्ष आए तो उनको ग्राम पंचायत सचिव तथा राजस्व विभाग के पटवारी ग्राम स्तर पर ही उन समस्याओं का बैठकर निराकरण करें ताकि ग्रामीण वासियों को तहसील एवं जनपद स्तर पर चक्कर न काटना पड़े। एसडीएम द्वारा बताया गया कि 22 जुलाई को आपके द्वार कार्यक्रम के तहत घर घर जाकर समस्याओं का समाधान किया जाना है इसके तहत सभी विभाग जहां जहां जो ग्रामीणों की समस्याएं है उनको शीघ्रता से निराकरण करे । कार्यक्रम में उपस्थित तहसीलदार शिव शंकर सिंह गुर्जर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुष्पेंद्र व्यास, नायब तहसीलदार पवन चंदेलिया, रामनरेश आर्यआदि ।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पिछोर में बना ईवीएम प्रदर्शन केंद्र

राकेश परिहार पिछोर



**पिछोर( शिवपुरी)।** 11 जुलाई मंगलवार को पिछोर एसडीएम कार्यालय में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र प्रारंभ किया गया केंद्र का उद्देश्य मतदाताओं को मत डालने के लिए जागरूक करना है। जानकारी के अनुसार नवंबर माह में संभावित विधानसभा निर्वाचन को देखते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अनुबिभगीय स्तर पर ईवीएम बीबीपेट डेमोंट्रेशन सेंटर की स्थापना एसडीएम कार्यालय पिछोर में हुई ।यह कार्यालय प्रतिदिन 10~30 से 5~00बजे तक संचालित होगा। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मंगलवार को ईवीएम का प्रदर्शन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। ईवीएम से मतदान करने की प्रक्रिया को समझाया गया तथा नए जुड़े मतदाताओं का इन मशीनों द्वारा वोटिंग कैसे कराई जाती है, इसकी जानकारी दी गई इस दौरान अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं निर्वाचन रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद शाह विधानसभा 26 पिछोर के मतदाताओं से अपील की है कि ईवीएम वीवीपैट डेमोंसट्रेशन सेंटर पर मॉक पोल सहभागी बने ।इस अवसर पर तहसीलदार शिव शंकर सिंह गुर्जर नायब तहसीलदार पवन चंदेलिया, ट्रेनर जगदीश आर्य, रविंद्र पटेरिया, ऑपरेटर शिवम पटसरिया सहित निर्वाचन सुपरवाईजर हरिदास त्रिपाठी आदि।

## मध्य प्रदेश में स्थापित आईटी सेंटर शासन द्वारा बंद के विरोध में आईटी सेंटर संघ ने दी भोपाल में करेगा प्रदर्शन की चेतावनी: चौबे

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-आईटी ऑपरेटर संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप चौबे ने बताया कि 2015 में मध्यप्रदेश शासन ने हर तहसील में 1 आईटी सेंटर स्थापित किए थे, आईटी सेंटर कृषकों को रिकॉर्ड जैसे खसरा किश्तबंदी नक्शा अधिकार अभिलेख न्यायालय की पंजी पुराने रिकॉर्ड आदि सुविधाएं प्रदान करते थे। आईटी सेंटर ऑपरेटरों का कार्य पटवारियों को, तहसीलदारों को बैंक यूजर को पब्लिक यूजर को सॉफ्टवेयर में आ रही तकनीकी समस्याओं को हल करने में यह आईआईटी ऑपरेटर मदद करते थे। किंतु मध्यप्रदेश शासन द्वारा उनकी सेवाएं अगले महीने अगस्त से समाप्त की जा रही है। जिससे पूरे मध्यप्रदेश के लगभग 400 ऑपरेटर बेरोजगार हो जाएंगे। जिसके विरोध में आईटी ऑपरेटर संघ ने पूर्व में भी, सीएम साहब को राजस्व मंत्री को कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपकर आईटी सेंटर यथावत रखने की बात कही एवं आईटी ऑपरेटर को बेरोजगार न किया जाए ऐसी अपील की लेकिन आज दिनांक तक के कोई सुनवाई नहीं हुई है यदि आगे भी सुनवाई नही की जाती तो आईटी ऑपरेटर संघ इसके लिए भोपाल मै आंदोलन करने के लिए तैयार बैठा हैं।

## मोनू रजक बने शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उत्तर में मण्डल अध्यक्ष

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी- शिवपुरी शहर के जाने-माने साईं फिटनेस क्लब के संचालक एवं पूर्व पार्षद प्रत्याशी मोनू रजक को मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अध्यक्ष म.प्र. कांग्रेस कमेटी भोपाल के आदेशानुसार के. पी. सिंह जी पूर्व मंत्री एवं विधायक पिछोर, जयवर्धन सिंह पूर्व मंत्री एवं विधायक राधौगढ़ ,प्रभारी शिवपुरी डॉ. रश्मि पवार शर्मा, जिला शहर अध्यक्ष पं. श्री प्रकाश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष शिवपुरी मोहित अग्रवाल के निर्देशानुसार मोनू रजक को शिवपुरी शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उत्तर में मण्डल अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया जाता है। इस मौके पर मोनू रजक के मित्रों और सम्बंधियो द्वारा माला पहना कर एवम मिठाई खिला कर अपने नए मंडल अध्यक्ष का स्वागत किया ।

# परिवार एवं आसपास के लोगों को मताधिकार के प्रति जागरूक करें और स्वयं भी मताधिकार का प्रयोग करें: जिला पंचायत सीईओ

### शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्वीप गतिविधियां आयोजित

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज मंगलवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय शिवपुरी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी की अध्यक्षता में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया। साथ ही 18 वर्ष पूर्ण कर चूके छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं मताधिकारी की जानकारी भी दी गई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले छात्राओं का मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए फार्म नम्बर 6 का वितरण किया गया और बताया गया कि छात्राएं इस फार्म को महाविद्यालय में जमा कराएगी और महाविद्यालय के प्राचार्य इन फार्म को स्थानीय निर्वाचन कार्यालय में जमा कराकर संबंधित छात्राओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने की कार्यवाही करेंगे। उन्होंने कहा कि शहरों के अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र मतदाता अपने





मताधिकार का अधिक प्रयोग करते है इसलिए हमें भी अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को मताधिकार के प्रति जागरूक करना होगा और स्वयं भी मताधिकार का प्रयोग करना होगा। इस मौके पर शा.उत्कृष्ट कन्या उ.मा.विद्यालय के प्राचार्य डॉ.एम.के.जैन, प्रोफेसर ज्योत्सना सक्सेना, प्रो. डॉ.एस.एस.खण्डेलवाल, नेशनल मास्टर ट्रेनर्स अशोक गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग निकिता तामरे, रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव, डॉ.रश्मि गुप्ता सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा उपस्थित जनों को शपथ दिलाई गई। उन्होंने सभी को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## मारपीट मामले में आरक्षक को किया एसपी ने सस्पेंड, एसडीओपी के प्रतिवेदन पर की गई कार्रवाई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता जितेंद्र राय**

मुंगावली- बुध-गुरु वार की रात साढ़े 12 के लगभग आरक्षक 664 रवि यादव द्वारा शराब के नशे में धुत शिव प्रताप यादव (भूरा)और आयुष दुबे(राहुल) के साथ बे वजह गाली गलोच व मारपीट का मामला सामने आया था जिसके बाद आरक्षक रवि यादव को लाइन हाजिर कर दिया गया था और जांच के लिए एसडीओपी देव नारायण यादव को जिम्मेदारी दी गई थी वही अब एसपी अमन सिंह राठौर द्वारा एसडीओपी के जॉच प्रतिवेदन के आधार पर आरक्षक रवि यादव को सस्पेंड कर दिया गया है इसकी जानकारी उन्होंने अपने ट्विटर पर साझा की है एसपी ने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा है ही विगत दिनों आरक्षक रवि यादव द्वारा आयुष दुबे एवं शिव प्रताप यादव के साथ मारपीट की गई थी जिसे पहले लाइन अटैच किया गया था वही अब एसडीओपी के जांच प्रतिवेदन में आरक्षक का गंभीर कदाचरण पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है और विभागीय जांच संस्थित की गई है उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों शिव प्रताप यादव और आयुष दुबे अपने रिश्तेदार के जन्मदिन के उपलक्ष पर सुंदरकांड पाठ से घर वापस आ रहे थे तभी पुलिस थाने के सामने आरक्षक रवि यादव द्वारा उनके साथ शराब के नशे में धुत गाली गलौच व मारपीट की गई थी जिसके बाद उनके परिजनों ओर शहर के लोगो द्वारा थाने पहुचकर इसका जमकर भारी विरोध किया गया



था जिसको देखते हुए पुलिस द्वारा आरक्षक पर कार्रवाई की गई थी वही परिजनों ने आरक्षक पर गंभीर आरोप भी लगाए थे क्यों उनके बच्चों को शराब के नशे एवं बेवजह वर्दी का रूआब बताते हुए मारपीट की गई है जबकि उन लोगों की कोई गलती नहीं थी मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अमन सिंह राठौर द्वारा तत्काल कार्रवाई भी की गई थी और जांच एसडीओपी को सौंपी गई थी अब आरक्षक को उस मामले में निलंबित कर दिया गया है, वहीं इस मामले में एसपी की निष्पक्ष कार्यशैली की छवि थी जो इस मामले में भी उभर कर सामने आई क्योकि उनके द्वारा निष्पक्ष कार्यवाही की गई और जिले में अपनी निष्पक्ष कार्यशैली को बरकरार रखा जिसके लिए वो जाने जाते है ।

**एसडीओपी की जांच में आरक्षक को पाया गया गलत**-मारपीट का जैसे ही है मामला तूल पकड़ने लगा दो एसपी द्वारा इसकी निष्पक्ष जांच के लिए एसडीओपी को जांच सौंपी गई और जल्दी ही पूरी जांच प्रतिवेदन बनाकर मंगवाया गया जिसके बाद एसडीओपी की जांच में आरक्षक का आचरण गलत पाया गया और एसपी ने एसडीओपी के जांच प्रतिवेदन पर आरक्षक को निलंबित कर दिया गया है और विभागीय जांच भी कराई जाएगी इस पूरे मामले में एसपी अमन सिंह राठौर का कहना है कि एसडीओपी के जांच प्रतिवेदन पर आरक्षक को निलंबित कर दिया गया है वही इस कार्यवाही से आम नागरिकों में जहा पुलिस की इस कार्यवाही से आम नागरिकों का पुलिस पर विश्वास बना रहेगा।



## शहर के बीच सिटी सेन्टर में स्थित कब्रिस्तान को छोड़ बाहर देवस्थान के पास दफना रहे शव

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- शिवपुरी शहर के वार्ड क्र 8 सिटी सेन्टर कॉलोनी में ईसाई समाज का कब्रिस्तान स्थित है जहाँ ईसाई समाज द्वारा मृत्यु उपरांत शवों को दफनाया जाता है जोकि काफी बरसों से चला आ रहा है पूरे कब्रिस्तान का चारों तरफ से बाउंडरी वाल हैं जिसके बाद भी ईसाई समुदाय के लोग अपने कब्रिस्तान के निर्धारित स्थान छोड़कर बाहर जहां प्राचीन देव स्थान है यहां पर शवों का दफनाना प्रारंभ कर दिया है जिससे साप्रदायिक तनाव की स्थिती उत्पन्न हो रही है. और रिहायशी कालोनी होने के कारण बच्चों में डर का माहौल बना रहता है। रोकने पर ईसाई समाज द्वारा विवाद किया जाता है जिससे हिन्दू समाज में रोष व्याप्त है पूर्व में इस प्रकार का कृत्य करने पर प्रशासन से शिकायत कि गई थी तब प्रशासन ने इसको को रुकवा दिया था। लेकिन फिर से अब निर्धारित सीमा से बाहर शवों को दफनाने लगे हैं। जिसकी शिकायत आज वहां रहने वाले रहवासियों ने जनसुनवाई के माध्यम से कलेक्टर साहब को सुनाई और इसको तुरंत ही निराकरण करने का आग्रह किया जिससे किसी प्रकार का कोई जवाब उत्पन्न ना हो।

### पुलिस थाना पिछोर जिला शिवपुरी ने करीब 1 वर्ष से अधिक समय से चोरी गई

# 4 पानी की विद्युत मोटर कीमती करीब 50 हजार रुपए उनके मालिकों को सुपुर्द की

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

पिछोर। दिनांक 5/7/ 23 व 6/7/23 को पुलिस थाना

### पानी की विद्युत मोटर मिलने से किसान हुए प्रसन्न

पिछोर ने शातिर चोर ज्ञान सिंह लोधी निवासी खुरई को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 6 पानी की विद्युत मोटर बरामद की थी जिसमें एक विद्युत मोटर दुर्ग सिंह ठाकुर निवासी



भगवंतपुरा की थी । पुलिस थाना पिछोर ने शेष 5 विद्युत मोटरों के मालिकों का पता किया व 4 विद्युत मोटर आज उनके मालिक प्रहलाद राजपूत निवासी पिपारा थाना भौंती, संतोष झा निवासी पिपारा थाना भौंती, नितिन भार्गव निवासी ग्राम पिपारा थाना भौंती व मोहन जाटव निवासी ग्राम टीला थाना करैरा को मान्यनीय न्यायालय के आदेश से सुपुर्द की विद्युत पानी की मोटर की कीमत करीब ?50000 थी। यह सभी कृषक थे जो विद्युत पानी की मोटर चोरी जाने से परेशान थे और चोरी गई विद्युत मोटर वापस मिलने से किसान मालिक अत्यधिक प्रसन्न हुए और उन्होंने पुलिस थाना पिछोर को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया।

# विश्व जनसख्या दिवस पर जिला कार्यशाला आयोजित

### बड़ती जनसंख्या से निपटने के लिए परिवार नियोजन जैसे समाधानों का अवश्य उपयोग करें- डॉ.पवन जैन, दो बच्चों पर स्थायी परिवार नियोजन अपनाने वाली दो माताओं को पौधा देकर सम्मान किया

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- विश्व जनसंख्या दिवस प्रतिवर्ष आज के दिन जनसंख्या नियंत्रण के उद्देश्य से मनाया जाता है। इसी उददेश्य को लेकर शक्तिशाली महिला संगठन शिवपुरी द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग ने संयुक्त रुप से मिलकर शहरी क्षेत्र के माधव नगर स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र पर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन ने कहा कि हमारे देश की आबादी चीन से भी ज्यादा हो गई है। आज हम आबादी में पूरे विश्व में 1 नम्बर पर आ गए है। उन्होने कहा कि देश में जनसंख्या विस्फोट ने हमारे विकास को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। भारत की जनसंख्या लंबे समय के विकास और संसाधनों पर समान वितरण के लिए इस पर नियंत्रण करना जरूरी है।

कार्यक्रम में शक्ती शाली महिला संगठन की प्रोग्राम आफिसर श्रद्धा जादौन ने कहा कि परिवार नियोजन के लिए नव दम्पत्तियों को शुरुआत से ही परिवार नियोजन पर शिक्षित करना आवश्यक है। जनसंख्या प्रबंधन न सिर्फ देश बल्कि विश्व के लिए जरूरी है।




कार्यक्रम मे सीनियर पर्यवेक्षक सुश्री निवेदिता मिश्रा ने कहा कि बड़ी हुई जनसंख्या के कारण हमारे सामने जो दिक्कतें हैं और इससे पारस्थिकी तंत्र और मानवता को जो नुकसान पहुंचता है। उसके प्रति जागरुक करने के लिए इस दिन को मनाया जाता है। कार्यक्रम में दो बच्चों पर स्थायी परिवार नियोजन अपनाने वाली भारती ओझा एवं मिथलेश ओझा को पौधा देकर सीएमएचओ द्वारा सम्मानित किया। कार्यक्रम में रवि गोयल शक्तिशाली महिला संगठन के संयोजक ने कहा कि बहरहाल बड़ती जनसंख्या से निपटने के लिए परिवार नियोजन जैसे समाधान मौजूद है। लेकिन जागरूकता की कमी के कारण जनसंख्या पर काबू नहीं पाया जा रहा है। विश्व जनसंख्या दिवस 2023 की थीम लैंगिक समानता की शक्ति को उजागर करना। दुनिया की अनंत संभावनाओं को अनलॉक करने के लिए महिलाओं और लड़कियों की आवाज को ऊपर उठाना है। पूरी दुनिया में जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए परिवार नियोजन के मुद्दे पर बातचीत की। जनसंख्या नियंत्रण, परिवार नियोजन, हम दो हमारे दो आदि विषय पर जागरूकता बड़ाने के लिए जागरुकता फिल्म का प्रदर्शन कार्यक्रम में किया। कार्यक्रम में सखी कमलेश एव नर्मदा, शक्तिशाली महिला संगठन की पूरी टीम, आंगनवाड़ी सहायिका, सुनीता गुप्ता के साथ समुदाय की आधा सैकड़ा महिलाओं ने सहभागिता की।

# जनसंख्या नियंत्रण में पुरुष भी रहे सतर्क

## विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार नियोजन पर किया जागरूकता कार्यक्रम






**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ग्वालियर शाखा एवं लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना द्वारा आज पिंटो पार्क स्थित लेबर चौक पर पुरुषों को परिवार नियोजन पखवाड़े के अन्तर्गत आज एक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम ने मुख्य अतिथि के रूप में स्टेट कोऑर्डिनेटर एन. एस. वी. टी.मध्य प्रदेश एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हेमशंकर शर्मा जी उपस्थित थे।उन्होंने अपने उद्बोधन में परिवार नियोजन अपनाने के महत्व को समझाते हुए बताया कि पुरुष नसबंदी सबसे सरल तरीका और इससे अपनाने से कोई नुकसान नहीं है। कार्यक्रम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चेयरपर्सन डॉ। के. के. दीक्षित जी उपस्थित थे। उन्हींने सभी को विश्व जनसंख्या दिवस पर परिवार नियोजन के मुख्य साधनों को विस्तारपूर्वक समझाया साथ ही सभी आगामी कार्यक्रमों पर जानकारी दी।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अछेंद्र सिंह कुशवाह उपस्थित थे।उन्होंने सभी को इस पखवाड़े पर चर्चा करते हुए कहा की पुरुष नसबंदी को अपनाने से क्या क्या लाभ है। एवं शासन से मिलने वाली नवीन योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में संस्था के लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के चिकित्सक अधिकारी श्री पीयूष गौड़ जी उपस्थित थे उन्होंने सभी को स्वास्थ्य स्वच्छता विषय को गंभीरता पूर्वक समझाया। कार्यक्रम में माध्यम से संस्था की टीम द्वारा दो पुरुष नसबंदी भी मोटिवेट किए गए। कार्यक्रम का संचालन संस्था की ओर से लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजन अधिकारी श्री शैलेन्द्र शर्मा जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आउटरीच वर्कर रविशंकर कुमार,हेमंत कुशवाह, अभिषेक राठौर, कल्याण रघुवंशी की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना के परामर्शदाता श्री जितेंद्र शाक्य द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# वाहन चालक यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें : एसपी मनीष खत्री

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

पुलिस अधीक्षक ने दिये बारिश में गाड़ी चलाने हेतु आवश्यक निर्देश

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने वाहन चालकों को बारिश में गाड़ी चलाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं,जिससे सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा

(1) रात्रि में सड़क पर बारिश होने की वजह से गाय एवं अन्य पशु आ जाते है,इसलिये रात्रि में वाहन चलाते समय सावधानी रखे।

(2) रास्ते में किसी पुल-पुलिया पर पानी का बहाव हो तो उस पर से वाहन को न ले जाएं। बहाव कभी भी बढ़ सकता है।

(3) बारिश से पहले ही वाहन में समस्त तकनीकी कार्य पूर्ण करवा लें।

(4) वाहन के ब्रेक एवं स्टेयरिंग आदि का आइलिंग कार्य पूर्ण कराएं।

(5) वाहनों को नियंत्रित गति से संचालित किया जाना सुनिचित किया जाए।

(6) वाहनों के फ्रंट विन्ड शील्ड पर वाइपर और ब्रेक लाइट, फोगलेम्प इंडिकेटर, हेडलाइट सुचारू रूप से कार्य कर रहे हों, यह सुनिश्चित करें ।

(7) पुल-पुलिया पर लगे संकेतकों को ध्यान से पढ़ें एवं पुलिस प्रशासन
द्वारा दी गई चेतावनी का पालन करें।

(8) वाहन चालक ड्रायविंग करते समय मोबाइल पर बात न करें।

(9) वाहन में प्रवेश व निर्गम द्वार पृथक-पृथक एवं आपात द्वार ठीक से खुल रहे हो, उसे खोलने में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

(10) वाहन में अग्निशमन यंत्र (चालू हालत में) एवं फस्ट एड आवश्यक है।

(11) वाहन के वैध दस्तावेज (पंजीयन प्रमाण पत्र, बीमा, फिटनेस एवं परमिट) होने पर ही वाहन का संचालन करें।

(11) चालक का लायसेंस वैध हो एवं लोक सेवा यान चलाने के लिए प्राधिकृत होना अनिवार्य हो ।

(12) बारिश के दौरान रोड पर वाहनों से थोड़ी डिस्टेंस रखें, ताकि जरूरत पड़ने पर वाहन को आराम से रोका जा सके। बारिश



में कभी हैवी ब्रेक नहीं लगाए ।

(13) टायरों एवं इलैक्ट्रिक वायरिंग समय समय पर चेंज करावें, जिससे कि शॉर्ट सर्किट एवं खराब टायरों की वजह से दुर्घटना ना हों।

(14) दो पहिया वाहन चालक हेलमेट पहने एवं चार पहिया वाहन चालक
वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें ।

(15) ड्राइवर द्वारा नशे में वाहन ना चलाया जाए।

# आक्रोशित लोगों ने आरोपी के घर में तोड़फोड़ की

**खरगोन जिले मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

**खरगोन।** जिले के बिस्टान में लव जेहाद की घटना के विरोध में आज सकल हिन्दू समाज के अव्हान पर बिस्टान बंद रहा। इस दौरान आक्रोशित लोगो ने आरोपी के घर में तोड फोड कर दी। मौके पर एसडीएम, एसडीओपी सहित भारी पुलिस बल पहुंच गया। हलाकि स्थिती नियंत्रण में है। इधर पुलिस ने आरोपी अकरम को गिरफ्तार कर महिला को भी बरामद कर लिया है। मौके पर पहुंचे एसडीएम ओमनारायण सिह बडकुल ने बाजार खुलवा दिया है। बिस्टान बंद कर लव जेहाद का आरोप लगाने वाले बिस्टान के लोगो का कहना था की आरोपी अकरम पठान पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही कर उसके मकान पर बुलडोजर चलाने की मांग कर रहे है। दोपहर साढे 12 बजे के बाद प्रशासन की अपील पर बाजार खुलना शुरू हो गया था। प्रशासन ने लोगो से शांति बनाये रखने और अफवाहो पर घ्यान नही देने की अपील कर रहा है। गौरतलब है की 3 जुलाई को बिस्टान थाने के देवला गांव की शादी शुदा महिला को बैंक में नौकरी लगाने का झांसा देकर आरोपी अकरम पठान भगा कर ले गया था। बिस्टान में मौजूद एसडीएम ओमनारायण सिह ने बताया की बिस्टान में स्थिती नियंत्रण मे है। प्रशासन की समझाइस के बाद बाजार खुल गया है। पुलिस बल मौजूद है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीएम ने सभी से शांति बनाये रखने की अपील की है। मौके पर मौजूद एसडीओपी संजू चौहान ने बताया की आरोपी अकरम पठान को हेला पडावा से गिरफ्तार कर लिया है। और महिला को भी बरामद कर लिया है। पुलिस विवेचना कर रही है। वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। 3 जुलाई को महिला की गुमशुदगी बिस्टान थाने में दर्ज हुई थी।

# मंडलम एवं सेक्टर मार्गदर्शिका पुस्तक वितरण की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद ने 11 जुलाई 2023 को भिंड जिले की अटेर विधानसभा के कस्बा फूप में मंडलम अध्यक्ष योगेश कुमार को मंडलम एवं सेक्टर मार्गदर्शिका पुस्तक वितरण की।जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव हनीफ खान, ईशा खान गांधी, सुरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भीम आर्मी जयस मिलकर उतारेगी उम्मीदवार, ली समीक्षा बैठक

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**



जैसे जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आते दिखाई देता वैसे वैसे बैठको के दौर शुरू हो गये अब की बार जनता सबकुछ समझ चुकी है इसी को लेकर खरगोन जिले की बड़वाह विधानसभा में तेयारी ओर बैठक दौरे हो रहे हैं। बडवाह। आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए नगर के वाचनालय भवन में बैठक हुई। बैठक में भीम आर्मी ओर जयस ने मिलकर उम्मीद्वार उतारने पर सहमति दर्ज की जयस के संजय बामनिया ने बताया कि इस बार युवा नेतृत्व विधानसभा में परिवर्तन लाएगा। बैठक में भीम जन्मभूमि तिरंगा यात्रा को भव्यता से निकालने पर दिशा निर्देश जारी किए गए। जहाँ भीमआर्मी/आसपा जिलाध्यक्ष सुनील चौहान,जिला सचिव राकेश खड़े, उपाध्यक्ष रवि खाण्डे, यशवंत मंसोरे, नरेन वासुरे, प्रदीप दांगोड़े, रमेश मंडलोई,आकाश कोहली, विशाल चौहान,राकेश खेड़े, विजय घोपे, अंकित गोयल, विशाल खेडेकर, राजा खाण्डे,दीपक कनाडे, दीपक खाण्डे, कुणाल खाण्डे,गौतम दवाड़े सहित अनेक युवा शामिल रहे।

# मीरा के जैसा हो जीवन में परमात्मा से प्रेम : संत मंहत हरिदास

**पुष्पाजंली टुडे /नारायणलाल सेंणचा**



बेंगलुरू ~ अग्रहार दासरहल्ली स्थित रामदेव पार्थना मंदिर में रामदेव भक्त मंडल व सनातन धर्म के तत्वाधान में चातुर्मास आयोजित कार्यक्रम में मीरा चरित्र के विश्राम सोपान में महंत हरिदास ने बताया कि जीवन में मीरा के जेसी हो प्रभु दर्शन की तरफ और निष्ठा इसी के साथ महंत हरिदास ने बताया कि हर व्यक्ति को अपने भीतर भाव व श्रद्धा रूपी मीरा को जीवित रखना चाहिए....मीरा ने अपने जीवन में अनंत कष्टो को सहन करते हुए द्वारिका में जाकर भगवान द्वारिकाधीश की मूर्ति में समा गई।और इस कालिकाल में जनमानस के हृदय में परमात्मा के प्रति प्रेम सरिता बहाई। उन्होनें बताया कि बुधवार को मारवाड़ की दूसरी मीरा करमा बाई का जीवन चरित्र कथा का प्रारंभ होगा। मिरा भाई कथा के अंतिम दिन महिलाओं ने भजनों पर नृत्य किया ।आज के कार्यक्रम आरती व प्रसाद के लाभार्थी मदनलाल प्रजापत भुंबलिया रहे । इस अवसर पर रामदेव जांगिड़, दिनेश जांगिड़, छोटूराम जांगिड़, रामकिशन जांगिड़, अमित जांगिड़ एवं महिलाओं में मुन्नी देवी, लिला देवी, शोभा देवी एवं रामदेव महिला मंडल की महिलाओं ने व्यवस्था में सहयोग दिया ।

# नवकार महामंत्र के स्मरण से होता है भवपार: मुनिश्री राजपद्मसागरजी म.सा.

**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरू। जे.पी.पी श्रमणी भवन में मुनिश्री राजपद्मसागरजी म.सा नवकार मंत्र के बारे में समझाते हुए कहा कि महामंत्र के जाप करने से, अरिहंतादि पंच परमेष्ठि का चिंतन-मनन करने से, अरिहंत परमात्मा का स्मरण करते हुए चिंतन करना है मेरे अरिहंत प्रभु द्वेष से रहित है और में क्रोध से भरा पड़ा हूं कि प्रभु मेरे क्रोध को शांत करो, मेरे में राग भरा पड़ा है परमात्मा आप राग-रहित हो- मेरे में से राग को दुर करो. और सिद्धपरमात्मा का ध्यान- चिंतन-मनन करते हुए सिद्धपरमात्मा मैनें अनंत जन्म-और मरण किये मेने बहुत सारे कर्मो का उपार्जन किया है, हे प्रभु आप सर्व कर्मो से मुक्त हो, आप मेरे कर्मों को पापो - अपराधों को दूर करो यहि भावना भानी है.. और संतिकर तप के बारे में समझाया कि संतिकर तप की आराधना-साधना से मारी-मरकी - दुर होती है, शरीर रोग से रहित बनता है। और मुनिश्री श्रमणपद्मसागरजी म.सा ने बताया कि नवकार मंत्र के बारे में कहा नमो यानि नमस्कार, धर्म में प्रवेश करना हो तो हमारे में नम्रता होनी चाहिए । अरिहंत परमात्मा स्वयं के लिए साधना करते है, और शासन की स्थापना सर्व के लिए करते हैं। दिनांक 16 जुलाई रविवार के दिन शासन वंदे जिनशासनम् के विषय में अद्भूत प्रस्तुति होगी।



# भिण्ड पुलिस ने डकैती का खुलासा कर, दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । फरियादी अमिलपाल पुत्र रामपाल उम्र 26 साल निवासी ग्राम नंगलारते थाना अकबरपुर ओझा जिला मैनपुरी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि कल दिनांक 08/07/23 को करीबन 04 बजे के समय ग्राम कौची में एक व्यक्ति द्वारा भिण्ड के आगे मेहंगाव से भैसें लेकर आने हेतु मेरी बुलेरो मैक्स यूपी 75 एटी 1364 को 6000 रुपये में बुक की थी । ऐंडवास में उस व्यक्ति ने मुझे 250 रुपये दिये थे एवं 2500 रुपये का डीजल डलवाया था। तो मैं उसका नाम व पता नही पूछ पाया था उस व्यक्ति के साथ 05 अन्य लोग थे । इस तरह कुल 06 लोग थे जो मेरे साथ गाडी मे बैठकर भिण्ड आये फिर भिण्ड से मेहगावं आये। जैसे ही हम लोग मेहगावं के आगे मौ मेहगाव रोड छेंकुरी मोड पर पहुँचें समय करीब रात 12 बजे का होगा। डांग छैकुरी मोड पर इन लोगों ने फैश होने की कहकर गाडी की साईड मे रुकबाई और दो लोगो ने मुझ पर कट्टा लगाकर मेरी मारपीट की तथा मेरे हाथ पैर बाघकर मेरी गाडी तथा मेरा पर्स एवं मोबाईल लूटकर भाग गये। जिस पर से थाना मौ में अपराध क्र. 167/ 23 धारा 395,397 भादवि 11 / 13 एमपीडीपीके एक्ट कायम कर पंजीबद्ध किया गया था।




उक्त घटना को पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन मे तत्काल कार्यवाही करने हेतु एक पुलिस टीम को गठित कर अज्ञात आरोपियों का पता लगाकर लूटे गये माल-मसरुका की बरादगी हेतु निर्देश दिये गये थे। इसी तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी गोहद सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में थाना मौ एवं सायवर सेल की संयुक्त टीम को तत्काल कार्यवाही करने हेतु लगाया गया उक्त कार्यवाही में दिनांक 10/07/23 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि गल्ला मण्डी मौ पर दो व्यक्ति खडें हुये है जो दो दिन पहले हुयी लूट में शामिल थे उक्त सूचना पर से पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर जाकर देखा तो दो व्यक्ति खडे मिले जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगे दोनो व्यक्तियों को चारो तरफ से घेराबन्दी कर पकड लिया गया तथा तलाशी लेने पर दोनो व्यक्तियों के पास से 02 कट्टा 315 बोर तथा 02 जिन्दा राउण्ड जप्त किये गये है। उक्त अपराध के सम्बन्ध अपराधियों से पूछताछ की जिसमें आरोपियों द्वारा अपराध कारित करना स्वीकर किया तथा लूट मे गया माल - मासरुका भी बरामद करा दिया गया है और अपराध में शामिल अपने 04 अन्य साथयो की जानकारी भी बतायी गयी उक्त फरार आरोपियों की तलाश जारी है। बरामद मसरुका - एक बोलैरो पिकअप,02 कट्टा 315 बोर एवं02 जिन्दा राउण्ड,एक एन्डॉईड मोबाईल । मसरुका की कुल कीमत लगभग 7 लाख 70 हजार रुपये । उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी मौ निरीक्षक उदयभान यादव,एसआई दीपेन्द्र यादव,शिवप्रताप राजावत, प्रवेन्द्र सिहं,अजय यादव,एएसआई सत्यवीर सिंह,प्रधान आरक्षक रमेश चौहान,महेश कुमार,प्रमोद पाराशर, सतेन्द्र यादव,आरक्षकों में आनन्द दीक्षित,यतेन्द्र राजावत,राहुल यादव, हरपाल चौहान, जहीर,महेश माझी, सत्यप्रताप,अजय यादव,गन्धर्व गुर्जर, ओमवीर जाट,सैनिक धमेन्द्र,अचित्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

# स्वास्थ्य शिविर में 1290 लोग लाभान्वित

**पुष्पाजंली टुडे**



**मैसूर।** आदि चुनचनगिरी अस्पताल एवं शोध संस्थान केन्द्र की ओर से बन्नूर गांव के लायंस स्कूल में सोमवार को स्वास्थ्य जांच शिविर रखा गया। शिविर में मुख्य चिकित्सक रविकुमार की अध्यक्षता में जांच कर लोगों को परामर्श दिया गया। शिविर में 1290 लोगों ने लाभ लिया। बन्नूर लायंस क्लब अध्यक्ष किशनप्पा, सचिव बसुराज, कोषाध्यक्ष तिमेगौडा, शिवरामु बन्नूर रोटरी क्लब पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपुरोहित, उपस्थित थे। राजेश सिंह राजपुरोहित, रोशन सिंह राजपुरोहित के कालप्पा आदि मौजूद रहे।

# अमेरिका नंबर वन बना रहेगा

**आर्थिकी:** मैनुफेक्चरिंग पावरहाउस में औद्योगिक उत्पादन कोविड से पहले के चार साल के पुराने स्तर से नीचे चला गया।

टी एन नायनन

चीनी अर्थव्यवस्था आश्चर्यजनक रूप से थकी-मांदी नज़र आ रही है। बाकी दुनिया जबकि मुद्रास्फीति से जूझ रही है, चीन में उलटा हो रहा है। वहां उत्पादकों को उत्पादों की जो कीमत मिलनी चाहिए उसमें गिरावट आ रही है और उपभोक्ताओं के लिए भी कीमतों में गिरावट आ रही है। दूसरे देशों में केंद्रीय बैंक ब्याज दरें बढ़ा रहे हैं लेकिन चीन में केंद्रीय बैंक मौद्रिक नीति को नरम बना रहा है।

भारत जैसे देशों में शेयर बाजार उफान मार रहे हैं लेकिन शांघाई कम्पोजिट इंडेक्स 2009 के अपने स्तर से नीचे चला गया है। इस मैनुफैक्चरिंग पावरहाउस में औद्योगिक उत्पादन कोविड से पहले के चार साल के पुराने स्तर से नीचे चला गया है। उधार में वृद्धि की दर भी गिर रही रही है, जबकि डॉलर के मुकाबले युआन की कीमत भी गिर रही है। इन सबने 2022 में आई सुस्ती के बाद उसके आर्थिक सुधार पर भरोसे को कमजोर किया है।

पिछले कैलेंडर वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 5.5 फीसदी रहने की उम्मीद थी लेकिन 3 फीसदी पर अटक गई, जो हाल के दौर में सबसे नीची है, कोविडग्रस्त 2020 को छोड़ दें तो। इस साल के लिए 5 फीसदी की वृद्धि दर का लक्ष्य रखा गया है लेकिन हर बीतते महीने के साथ अनिश्चितता बढ़ती दिख रही है, हालांकि 'बेस' नीचा रखा गया है। टीकाकार लोग घरेलू मांग और निजी निवेश में गिरावट की ओर इशारा कर रहे हैं। निजी निवेश में एक दशक में पहली बार गिरावट आई है (सिवा कोविड के पहले की तिमाही के)।




जनवरी-अप्रैल की तिमाही में नयी हाउसिंग का स्तर ठीक एक साल पहले के स्तर से 20 फीसदी नीचा रहा। व्यापार के मोर्चे पर निर्यातों में पिछले आठ में से छह महीने गिरावट ही आती रही। आयात का स्तर भी नीचा है। प्रॉपर्टी मार्केट और निर्यातों के बूते काफी हद तक आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के ये दोनों इंजिन ठप हो गए हैं। गति में गिरावट का अर्थ है कि मुद्रास्फीति को 3 फीसदी पर रखने का लक्ष्य भी हासिल करना मुश्किल होगा।

अधिकतर प्रेक्षकों ने उम्मीद की थी कि साल के शुरू में कोविड संबंधी पाबंदियां हटाने से वृद्धि दर में उछाल आएगी, वास्तव में इस कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही में यह 4.5 फीसदी पर पहुंची भी, लेकिन पिछले साल की इसी अवधि में कोविड के कारण लॉकडाउन तथा अड़चनों के चलते आई गिरावट का हिसाब लेने के बाद अनुमान है कि यह 2.6 फीसदी से ऊपर नहीं जाएगी।

इस बीच, 16-24 के आयुवर्ग में बेरोजगारी करीब 20 फीसदी तक जा पहुंची। फिर भी, चीन के कर्ता-धर्ता मांग को बढ़ाने के कोई वित्तीय राहत देने से कतरा रहे हैं।इनमें से कुछ मसले चक्रीय हो सकते हैं। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि दीर्घकालिक, ढांचागत बाधाएं नहीं हैं।

*(शेष बॉलवुड पेज पर)*

## मेरी स्थिति का बदलाव देखा



क्या तूने मेरी कल्पनाओं का चुनाव देखा
मैं थी शक्ति,भक्ति का संचार थी मैं,बदलाव तो भारी था ज्वाला तूफ़ान मेरे अंदर जारी था
मैं पढ़ती थी,मैं लिखती थी,अंगारों में जलकर पकती थी
अस्त्र शस्त्र भी थे मेरी ढाल,हर विद्या में कुछ नया सा मैं रचती थी
पिता की मैं शान,भाइयों की मैं जान,समाज का एक सुनहरा हिस्सा थी
खामोशी कहां तब मेरा गहना था, सिर्फ तस्वीरों में ही पहना था
मेरे हिस्से की जमीन थी,उस पर मैंने कईयों घुड़सवारीयां की थी
अब वहाँ लाशों का ढेरा है,सूरज की किरणों तक का बंटवारा घनेरा है
बदला रूप तेरा था,पर्दा किया मेरा था,तेरे कदमों की भटक ने मेरे कदमों को जकड़ा था
मैं कहां भूली वो लाशें जिसे तूने पत्नी धर्म कहकर जलाया था
मेरे अस्तित्व की आग को मुझसे बिन पूछे ही दफनाया था
मैं लड़ती रहीं खुद से,सकारात्मक बदलाव का अंधेरा घनेरा था,मेरे अस्तित्व की आग में चिंगारी बाकी है,मैं लड़ूंगी पता नहीं कब तक लेकिन अभी लड़ाई जारी है.. !

**आस्था त्रिपाठी**
**लहार भिण्ड (मप्र)**

# कितना मजबूत है नया डेटा सुरक्षा बिल

केंद्र सरकार ने पिछले हफ्ते डेटा सुरक्षा बिल के मसौदे को मंजूरी दे दी। इसे संसद के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा। इसमें डेटा की चोरी के लिए जुर्माने का प्रावधान है। डिजिटल व्यक्तिगत सूचना संरक्षण (डीपीडीपी) विधेयक, 2022 के मसौदे को मानसून सत्र में पेश किया जाएगा। मीडिया में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि विधेयक का लक्ष्य इंटरनेट कंपनियों, मोबाइल ऐप और निजी कंपनियों जैसी इकाइयों को 'निजता के अधिकार' के तहत नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी के कलेक्शन, स्टोरेज और प्रोसेसिंग के बारे में और ज्यादा जिम्मेदार और जवाबदेह बनाना है।

सरकार ने संसद में पेश करने के लिए अंतिम मसौदे में डीपीडीपी विधेयक के प्रमुख प्रावधानों को बरकरार रखा है। इसमें डेटा की चोरी के लिए जुर्माने का प्रावधान, बच्चों के डेटा के लिए माता-पिता की सहमति आदि शामिल हैं। सरकार ने डीपीडीपी विधेयक को अगस्त, 2022 में वापस ले लिया था। इसे सबसे पहले 2019 के अंत में पेश किया गया था। इसके नए संस्करण के मसौदे को सरकार ने नवंबर 2022 में पेश कर आम लोगों से राय मांगी थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि विभिन्न हितधारकों और कानून विशेषज्ञों से 21,000 से ज्यादा सुझाव प्राप्त हुए। विधेयक में प्रावधान है कि नियम तोड़ने वाली कंपनियों पर 250 करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इस कानून के लागू होने के बाद लोगों को अपने डेटा कलेक्शन, स्टोरेज और प्रोसेसिंग के बारे में जानकारी मांगने का अधिकार मिल जाएगा। इस विधेयक को लोगों के निजी डेटा को सुरक्षित रखने के मकसद से लाया जा रहा है। कानून बन जाने के बाद लोगों को निजी डेटा को साझा करने, प्रबंधन करने या हटाने का अधिकार होगा।

इस बिल में यह भी कहा गया है कि डेटा को सिर्फ तभी तक स्टोर किया जाना चाहिए जब तक उसका मकसद पूरा ना हो जाए। डेटा के प्रयोग को लेकर कंपनियों के लिए और कड़े नियम-कानून तैयार किए जाएंगे। साथ ही मसौदे में कहा गया है कि जो कंपनियां डेटा में सेंध रोकने में नाकाम रहेंगी उन पर सख्त कदम उठाए जाएंगे। अगर डेटा को लेकर कोई विवाद पैदा होता है तो उस पर डेटा सुरक्षा बोर्ड फैसला सुनाएगा। यही नहीं लोगों को अदालत में जाकर मुआवजे का दावा करने का अधिकार भी होगा।

कानून को मंजूरी मिलने के बाद भारत में सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन डेटा इसके कानूनी डोमेन के अंतर्गत आएंगे। एक सूत्र ने मीडिया को बताया कि इस बिल के तहत व्यक्तिगत डेटा को केवल तभी प्रोसेस किया जा सकता है जब किसी व्यक्ति ने इसके लिए सहमति दी हो। मीडिया में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि कुछ अपवाद हैं जब सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून व्यवस्था के आधार पर डेटा की जरूरत हो सकती है। बिल के तहत डेटा इकट्ठा करने वाली संस्थाओं को इसे सुरक्षित करना होगा और बाद में इस्तेमाल के बाद डेटा को डिलीट भी करना होगा। डेटा सुरक्षा बिल पर तब काम शुरू हुआ था जब सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था कि राइट टू प्राइवेसी एक मौलिक अधिकार है।

अपनी बात
संपादकीय

## इरादा बुलंद है, लेकिन

इतिहास यह है कि मुद्रा की ताकत संबंधित देश की अंदरूनी अर्थव्यवस्था की ताकत से तय होती है। इसीलिए अगर भारत को अपने इरादे को सच में बदलना है, तो उसे पहले इस मामले में सशक्त होने के लिए काम करना चाहिए।

*इस खबर से स्वाभाविक हलचल मची कि कच्चा तेल खरीदने के बदले कई भारतीय कंपनियां रूस को चीन की मुद्रा युवान में भुगतान कर रही हैं। बाद में एक मीडिया रिपोर्ट में यह आंकड़ा सामने आया कि कम से कम ऐसा दस प्रतिशत भुगतान युवान में हुआ है। इस तरह भारत भी इस समय दुनिया में चल रही मौद्रिक हलचल के बीच चीनी मुद्रा को मजबूत करने में सहायक बन गया है। इसी बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने यह खबर फिर से उछाली भारत ने अनेक देशों के साथ अपनी मुद्राओं में भुगतान करने का करार कर लिया है और इसके लिए जरूरी बैंकिंग सिस्टम भी बना लिया गया है। उधर विदेश मंत्री एस जयशंकर से पिछले दिनों जब ब्रिक्स की प्रस्तावित अपनी करेंसी के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इसकी संभावना से सिरे से इनकार करते हुए कहा कि भारत का इरादा अपने रुपये को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बनाने का है। कहा जा सकता है कि यह इरादा प्रशंसनीय है और भारत अगर भविष्य में महाशक्ति बनना चाहता है, उसे ऐसी महत्त्वाकांक्षा अवश्य रखनी चाहिए। मगर फिलहाल हकीकत इस महत्त्वाकांक्षा से मेल नहीं खाती।*

*20 से ज्यादा देशों के साथ आपसी मुद्रा में लेन-देन का करार कई महीने पहले हो चुका था। लेकिन उसमें असल में लेन-देन रूस और श्रीलंका के साथ ही शुरू हो सकी और अब संभावना है कि ऐसा बांग्लादेश के साथ होगा। इसी बीच रूस ने रुपये में भुगतान लेना रोक दिया। इस तर्क पर भारत से आयात के बदले भुगतान करने के बाद भी उसके पास जो भारतीय रुपया जमा हो रहा है, उसका कोई उपयोग नहीं है। यह मुद्दा देर-सबेर अधिकांश देशों की तरफ से उठाया जाएगा। कारण यह है कि वैश्विक निर्यात में भारत का हिस्सा सिर्फ दो प्रतिशत है। इतिहास यह है कि मुद्रा की ताकत संबंधित देश की अंदरूनी अर्थव्यवस्था की ताकत- और खासकर निर्यात क्षमता से तय होती है।*

## नाटो सम्मेलन पर नज़र

लिथुआनिया की राजधानी विल्नुस में नाटो के नेता इस पर विचार करेंगे कि यूक्रेन संबंधी रणनीति की धार कैसे तेज की जाए। वैसे नाटो शिखर बैठक के लिए विल्नुस के चयन का प्रतीकात्मक महत्त्व खुद जाहिर है।

*आज से शुरू हो रही दो दिन की नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) की शिखर बैठक पर सारी दुनिया की नजर है। आम धारणा बनी है कि यूक्रेन युद्ध में पश्चिमी रणनीति अब तक बेअसर रही है। अब लिथुआनिया की राजधानी विल्नुस में नाटो के नेता इस पर विचार करेंगे कि इस रणनीति की धार कैसे तेज की जाए। शिखर बैठक के लिए विल्नुस के चयन का प्रतीकात्मक महत्त्व खुद जाहिर है। लिथुआनिया पूर्व सोवियत गणराज्य है, जो भौगोलिक रूप से रूस के बहुत करीब है। लिथुआनिया का महत्त्व नाटो के एक दूसरे मकसद से भी है। अमेरिका की मंशा नाटो का एशिया संस्करण तैयार करने की है, ताकि वह अपनी चीन को घेरने की रणनीति को प्रभावी बना सके।*

*लिथुआनिया ने गुजरे दो वर्षों में चीन के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाए रखा है। यहां तक कि उसने ताइवान से वाणिज्य दूत के स्तर पर संबंध भी कायम किए हैं। अब वहां हो रही नाटो शिखर बैठक में ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया और न्यूजीलैंड के नेता भी पहुंचेंगे, जबकि ये देश नाटो का सदस्य नहीं हैं। पिछले साल भी नाटो शिखर बैठक में उन्हें आमंत्रित किया गया था। उसके बाद से नाटो प्लस की चर्चा आगे बढ़ी है। तो कुल कहानी यह है कि इस शिखर बैठक में रूस और चीन दोनों के खिलाफ पश्चिम की रणनीति पर चर्चा होगी। क्या कोई सहमति बन पाएगी? अभी कहना कठिन है। इस शिखर बैठक से ठीक पहले यूक्रेन को क्लास्टर हथियार देने का फैसला कर अमेरिका ने अपने यूरोपीय साथियों को नाराज कर दिया है। उधर खबर है कि नाटो के एशिया में विस्तार की योजना पर फ्रांस ने कड़ा एतराज जता दिया है। जाहिर है, अमेरिका की कोशिश इन मुद्दों पर सहमति बनाने की होगी। संभवतः यूक्रेन के मामले में सहमति बनाने में उसे ज्यादा जद्दोजहद नहीं करनी होगी। लेकिन एशिया में नाटो के विस्तार का मामला पेचीदा है। यूरोपीय देश चीन के प्रति अधिक आक्रामक होने को तैयार नहीं हैं, यह संकेत लगातार मजबूत होता गया है।*



अशोक 'प्रवृद्ध'

**यजुर्वेद के 26/2 मन्त्र में उपमालङ्कार है। परमात्मा सब मनुष्यों के प्रति इस उपदेश को करता है कि वेदों के पढने -पढाने का सब मनुष्यों को अधिकार है, और विद्वानों को उनके पढाने का। इसलिए ईश्वर आज्ञा देता है कि- हे मनुष्यों! जिस प्रकार मैं तुम को चारों वेदों का उपदेश करता हूं, उसी प्रकार से तुम भी उनको पढके सब मनुष्यों को पढाया और सुनाया करो। क्योंकि यह चारों वेदरूप वाणी सब का कल्याण करने वाली है। तथा जैसे सब मनुष्यों के लिए मैं वेदों का उपदेश करता हूं, वैसे ही सदा तुम भी किया करो।**

# वेद पठन-पठान का सभी मनुष्यों को अधिकार



परमेश्वरोक्त ग्रन्थ वेद के सम्बन्ध में भांति- भांति की भ्रांतियां फैली हुई हैं। जैसे- वेदादि शास्त्रों के पठन- पाठन व श्रवण- श्रावण का अधिकार सब मनुष्यों को नहीं होने, वेदों के पढ़ने का अधिकार केवल तीन वर्णों- ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य को ही होने, वेदों में शूद्रादि को वेदादि शास्त्र पढ़ने का निषेध किये जाने, द्विजों के पढ़ाने में भी केवल ब्राह्मण ही का अधिकार होने, आदि, आदि। इन विषयों को लेकर अक्सर ही विधर्मी और समाज के अहित में लगे सनातन विरोधी ईश्वर प्रदत्त सत्य ज्ञान की पुस्तक वेद पर विभिन्न प्रकार के आक्षेप करने से भी नहीं चुकते। लेकिन वैदिक ग्रन्थों के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि वेदादि शास्त्रों के पठन- पाठन व श्रवण- श्रावण का अधिकार सब मनुष्यों का है, क्योंकि जो ईश्वर की सृष्टि है, उसमें किसी का अनधिकार नहीं हो सकता। जगत में यह देखा जा सकता है कि जो भी पदार्थ ईश्वर से प्रकशित हुए हैं, वे सब के उपकारार्थ हैं। और वेदों के पढ़ने का अधिकार केवल तीन वर्णों को ही होने, शूद्रादि को वेदादि शास्त्र पढ़ने का निषेध किये जाने, द्विजों के पढ़ाने में भी केवल ब्राह्मण ही का अधिकार होने आदि की बातें सब मिथ्या है।

स्वामी दयानन्द सरस्वती के अनुसार मूर्ख का नाम शूद्र है, और अतिमूर्ख का नाम अतिशूद्र है। उनके पठन - पाठन का निषेध इसलिए किया है कि उनको विद्याग्रहण करने की बुद्धि नहीं होती है। वैदिक मतानुसार मनुष्य जाति सब की एक है। मनुष्य जाति के ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र ये वर्ण कहाते हैं। वेदरीति से इन के दो भेद हैं- एक आर्य और दूसरा दस्यु। स्वामी दयानन्द सरस्वती सत्यार्थ प्रकाश के अष्टम समुल्लास में कहते हैं-

आदि सृष्टि में एक मनुष्य जाति थी। पश्चात- विजानीह्यार्य्यान्ये च दस्यवः। यह ऋग्वेद का वचन है। श्रेष्ठों का नाम आर्य, विद्वान् देव और दुष्टों के दस्यु अर्थात डाकू, मूर्ख नाम होने से आर्य और दस्यु दो नाम हुए। उत शूद्रे उतार्ये वेद-वचन। आर्यों में पूर्वोक्त प्रकार से ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र चार भेद हुए। द्विज विद्वानों का नाम आर्य और मूर्खों का नाम शूद्र और अनार्य अर्थात अनाड़ी नाम हुआ। इन दो भेदों का भान -असुर्या नाम ते लोका- इस मन्त्र से भी होता है। देव और असुर अर्थात विद्वान और मूर्ख ये दो ही भेद जाने जाते हैं। और इन्हीं दोनों के विरोध को देवासुर संग्राम कहते हैं। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार भेद गुण कर्मों से किये गये हैं। इनका नाम वर्ण इसलिए है कि जैसे जिस के गुण कर्म हों, वैसा ही उस को अधिकार देना चाहिए। ब्रह्म अर्थात उत्तम कर्म करने से उत्तम विद्वान ब्राह्मण वर्ण होता है। परम ऐश्वर्य, बल वीर्य के होने से मनुष्य क्षत्रिय वर्ण होता है।

वेद मत में सब स्त्री पुरुषों का वेदादि शास्त्र पढ़ने सुनने का अधिकार है। ईश्वर ने तो स्वयं सब मनुष्यों के लिये वेद के पढ़ने और सुनने का अधिकार देने की घोषणा यजुर्वेद में किया है-

***यथेमां वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्यः।***
***ब्रह्मराजन्याभ्यां शूद्राय चार्याय च स्वाय चारणाय।।***
***प्रियो देवानां दक्षिणायै दातुरिह भूयासमयं मे कामः समृध्यतामुप मादो नमतु।।***

-यजुर्वेद 26/2

अर्थात- यह चारों वेदरूप कल्याणकारिणी वाणी सब मनुष्यों - ब्राह्मण, क्षत्रिय, शूद्र, वैश्य, स्वाश्रित स्त्री- भृत्य आदि और अतिशूद्र आदि के के हित के लिए मैंने उपदेश की है, इस में किसी को अनधिकार नहीं है, जैसे मैं पक्षपात को छोड़ के सब मनुष्यों में वर्तमान हुआ प्यारा हूँ, वैसे आप भी होओ। ऐसे करने से तुम्हारे सब काम सिद्ध होंगे।

इस मन्त्र में उपमालङ्कार है। परमात्मा सब मनुष्यों के प्रति इस उपदेश को करता है कि वेदों के पढ़ने - पढ़ाने का सब मनुष्यों को अधिकार है, और विद्वानों को उनके पढ़ाने का। इसलिए ईश्वर आज्ञा देता है कि- हे मनुष्यों! जिस प्रकार मैं तुम को चारों वेदों का उपदेश करता हूं, उसी प्रकार से तुम भी उनको पढ़के सब मनुष्यों को पढ़ाया और सुनाया करो। क्योंकि यह चारों वेदरूप वाणी सब का कल्याण करने वाली है। तथा जैसे सब मनुष्यों के लिए मैं वेदों का उपदेश करता हूं, वैसे ही सदा तुम भी किया करो।

कुछ लोग मन्त्र में अंकित जनेभ्यः - पद से सिर्फ द्विजों का ही अर्थ ग्रहण करते हुए सूत्र और स्मृति ग्रन्थों में पढ़ने के अधिकार से सम्बन्धित अंकित सभी विवरणियों में केवल द्विजों का ही ग्रहण करते हैं, जो ठीक नहीं। इसलिए सिर्फ द्विजों को ही वेद के पठन – पाठन का अधिकार होने की बात कहना भी झूठी बात है, क्योंकि जो ईश्वर का अभिप्राय द्विजों ही के ग्रहण करने का होता, तो मनुष्यमात्र को उनके पढ़ने का अधिकार कभी न देता। इस मन्त्र में ही इसका प्रत्यक्ष विधान करते हुए कहा गया है-

***ब्रह्मराजन्याभ्यां शूद्राय चार्य्याय च स्वाय चारणाय।***

अर्थात- वेदाधिकार जैसा ब्राह्मणवर्ण के लिए है, वैसा ही क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, पुत्र, भृत्य और अतिशूद्र के लिए भी बराबर है। क्योंकि वेद ईश्वर प्रकाशित है। जो विद्या का पुस्तक होता है, वह सब का हितकारक है। और ईश्वररचित पदार्थों के दायभागी सब मनुष्य अवश्य होते हैं। इसलिए उसका जानना सब मनुष्यों को उचित है। क्योंकि यह सब के पिता का सब पुत्रों के लिए है, किसी वर्णविशेष के लिए नहीं।

मन्त्र में आगे ईश्वर कहता है- जैसे मैं इस वेदरूप सत्यविद्या का उपदेश करके विद्वानों के आत्माओं में प्रिय हो रहा तथा जैसे दानी वा शीलवान् पुरुषों को प्रिय होता हूं, वैसे ही तुम लोग भी पक्षपातरहित होकर वेदविद्या को सुना कर सब को प्रिय हो। जैसे यह वेदों का प्रचाररूप मेरा काम संसार के बीच में यथावत प्रचरित होता है, इसी प्रकार की इच्छा तुम लोग भी करो, कि जिस से उक्त विद्या आगे को भी सब मनुष्यों में प्रकाशित होती रहे। जैसे मुझ में अनन्त विद्या से सब सुख हैं, वैसे जो कोई विद्या का ग्रहण और प्रचार करेगा, उस को भी मोक्ष तथा संसार का सुख प्राप्त होगा।

इसके अगले मन्त्र यजुर्वेद 26/2 बृहस्पतेऽअति यदर्यो में भी परमेश्वर ही का ग्रहण किया है। इससे सबके लिए वेदाधिकार है-

***बृहस्पतेऽअति यदर्योऽअर्हाद् द्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु। यद्दीदयच्छवसऽ ऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्। उपयामगृहीतोऽसि बृहस्पतये त्वैष ते योनिर्बृहस्पतये त्वा।।***

-यजुर्वेद 26/2

अर्थात- हे मनुष्यो! जिससे बड़ा दयावान् न्यायकारी और अत्यन्त सूक्ष्म कोई भी पदार्थ नहीं वा जिसने वेद प्रकट करने द्वारा सब मनुष्य सुशोभित किये वा जिसने अद्भुत ज्ञान और धन जगत में विस्तृत किया और जो योगाभ्यास से प्राप्त होने योग्य है, वही ईश्वर हम सब लोगों को अति उपासना करने योग्य है, यह तुम जानो।

वर्णाश्रमव्यवस्था भी गुणकर्मों के आचार विभाग से होती है। मनुस्मृति 10/ 65 में कहा गया है–

***शूद्रो ब्राह्मणतामेति ब्राह्मणश्चैति शूद्रताम्।***
***क्षत्रियाज्जातमेवन्तु विद्याद्वैश्यात्तथैव च।।***

- मनुस्मृति 10/ 65

अर्थात- शूद्र ब्राह्मण और ब्राह्मण शूद्र हो जाता है। अर्थात गुण कर्मों के अनुकूल ब्राह्मण हो तो ब्राह्मण रहता है तथा जो ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र के गुण वाला हो तो वह क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र हो जाता है। वैसे शूद्र भी मूर्ख हो तो वह शूद्र रहता और जो उत्तम गुणयुक्त हो तो यथायोग्य ब्राह्मण क्षत्रिय और वैश्य हो जाता है। वैसे ही क्षत्रिय और वैश्य के विषय में भी जान लेना।

यदि शूद्र को वेदादि पढ़ने का अधिकार न होता तो वह ब्राह्मण, क्षत्रिय वा वैश्य के अधिकार को कैसे प्राप्त हो सकता? इससे यह निश्चित जाना जाता है कि पच्चीसवें वर्ष में वर्णों का अधिकार ठीक ठीक होता है , क्योंकि पच्चीस वर्ष तक बुद्धि बढ़ती है। इसलिए उसी समय गुण कर्मों की ठीक ठीक परीक्षा करके वर्णाधिकार होना उचित है। आपस्तम्बसूत्र - प्रपाठक 2/ पटल 5/ खं॰ 11/ सू॰ 10- 11 के अनुसार धर्माचरण करने से नीचे के वर्ण पूर्व पूर्व वर्ण के अधिकार को प्राप्त हो जाते हैं। सो केवल कहने ही मात्र को नहीं, किन्तु जिस-जिस वर्ण को जिन जिन कर्मों का अधिकार है, उन्हीं के अनुसार वे यथावत प्राप्त होते हैं। तथा अधर्माचरण करके पूर्व पूर्व वर्ण नीचे नीचे के वर्णों के अधिकारों को प्राप्त होते हैं, इससे यह सिद्ध है कि वेदों के पठन- पाठन व श्रवण- श्रावण का अधिकार सब मनुष्यों को बराबर है।

# कृषि मंडी ऑफिस में दिनदहाड़े किसान ने चलाई गोलियां एक किसान को लगा छर्रा, कर्मचारी बाल-बाल बचे

## खराब माल के चलते व्यापारी व मंडी ने लगाई दोबारा बोली, तो किसान भडड़ा और दिया घटना को अंजाम

मुरैना। मंगलवार की सुबह कृषि उपज मंडी प्रांगण में बोली के दौरान पहली बोली के बाद दूसरी बोली मैं कम रुपए लगने से नाराज किसान ने अपने एक साथी के साथ कृषि उपज मंडी पहुंचकर व्यापारी एवं मंडी कर्मचारियों पर कट्टे से गोलियां चला दी, जिसमें एक किसान को छर्रा लगा और वह घायल हो गया तथा अन्य कर्मचारी बाल-बाल बच गए। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। मंडी कर्मचारियों ने पुलिस को फोन किया तो 100 डायल पहुंची, लेकिन देर शाम तक पुलिस द्वारा कोई एफआईआर इस मामले में दर्ज नहीं की गई है। व्यापारी प्रमोद कंसाना ने बताया कि मंगलवार की सुबह 10 बजे बोली प्रारंभ हुई तब एक ट्रॉली की बोली 5050 हजार रुपए लगी। जब ट्रॉली तोल कांटा से होकर व्यापारी के गोदाम पर पहुंची तो उसमें नीचे खराब माल भरा हुआ था तथा ऊपर माल अच्छा था, जिसे व्यापारी ने किसान को वापस कर दिया और उसे दोबारा ट्रॉली लगाने को कहा। पुनः बोली



लगी तो उसका माल 4970 रुपए बिका, जिससे किसान भडड़ गया और व्यापारी से गाली-गलौज कर धमकी देने लगा। इसके बाद उक्त किसान मंडी ऑफिस पहुंचा तथा वहां पर भी गाली-गलौज कर धमकी दी तथा कहा कि अभी थोड़ी देर से बताता हूं। इसके पश्चात उक्त किसान अपने एक साथी के साथ बाइक से मंडी कमेटी ऑफिस आया, जहां पर प्रमोद कंसाना किसानों को माल का भुगतान कर रहा था, तभी आरोपी के सामने कट्टे से तीन फायर किए, जिसमें एक फायर का छर्रा भुगतान ले रहे किसान के कंधे में लगा और वह घायल हो गया तथा मौके पर मौजूद अन्य किसान व मंडी कर्मचारी बाल-बाल बच गए। इस घटना से मंडी कमेटी ऑफिस में दहशत फैल गई। कट्टे से चलाई गई गोलियां दीवार से टकराकर जमीन पर गिरी। घटना की सूचना तत्काल 100 डायल को दी जो मौके पर पहुंची और उसके द्वारा मौके से कारतूस जप्त कर लिए गए, परंतु पुलिस द्वारा देर शाम तक इस मामले में कोई एफ आई आर दर्ज नहीं की गई है। घटना के समय वहां एक दर्जन से अधिक किसान अपना भुगतान ले रहे थे तथा कई मंडी कर्मचारी भी बैठे हुए थे।

# दुकान की दीवार तोड़ कर दो लाख से अधिक की चोरी, चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद

मुरैना। स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के नंदेपुरा रोड केआर गार्डन के पास स्थित बालाजी किराना स्टोर की दुकान की दीवार तोडड़र बीती रात्रि अज्ञात चोर दो लाख रुपए से अधिक का माल एवं नगदी ई-रिक्शा में लेकर चंपत हो गए, जिसके सीसीटीवी फुटेज फरियादी ने प्राप्त कर लिए हैं और उनमें दो चोर साफ दिखाई दे रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने केवल आवेदन लिया है और मामले को जांच में डाल दिया है। बालाजी किराना स्टोर के संचालक अनिल अग्रवाल ने बताया कि रात्रि 2 से 3 के बीच दो अज्ञात चोर दुकान के पास आए और दीवार तोडड़र उसमें रखा महंगा सामान राजश्री जर्दा गुटखा की तीन बोरी, गोल्ड मोहर जर्दा गुटखा की दो बोरी, चार बोरी शंकर एवं गोविंद बीड़ी बंडल की सहित अनेक कीमती सामान सहित 30 हजार रूपए नगदी समेटकर ले गए। उक्त वारदात के दौरान पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों के चेहरे सामने आए हैं तथा एक ई-रिक्शा भी दिखाई दे रहा है, जिसमें संभवतः चोर माल भरकर ले गए। घटना की सूचना अनिल अग्रवाल ने सुबह पुलिस को दी, लेकिन स्टेशन रोड थाना पुलिस ने मामले को कतई गंभीरता से नहीं लिया है तथा फरियादी से आवेदन लेकर मामले को जांच में डाल दिया है। गौरतलब है कि जिला



मुख्यालय के तीनों थाना क्षेत्रों में आए दिन चोरी की वारदातें हो रही है, परंतु पुलिस इन्हें गंभीरता से नहीं ले रही तथा एफ आई आर दर्ज न करते हुए आवेदन लेकर मामलों को जांच में डाल दिया जाता है। पुलिस की कार्यप्रणाली से आम जनता में पुलिस के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

# अधेड़ व्यक्ति ने पत्नी की साड़ी से फांसी लगाकर की खुदखुशी

**मुरैना।** कोतवाली क्षेत्र के अंबाह बाईपास रोड पर एक अधेड़ व्यक्ति ने घर के अंदर पत्नी की साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने आत्महत्या के कारणों के चलते कि फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार अम्बाह बायपास रोड स्थित यादव पेट्रोल पंप के पास रहने वाले 56 वर्षीय अर्जुन पुत्र हरिसिंह यादव नामक अधेड व्यक्ति ने बीती रात घर की तीसरी मंजिल पर अज्ञात कारणों के चलते अपनी पत्नी की साड़ी का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया। सुबह जब परिजनों को पता चला तो इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और अपनी जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने मृतक का पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी है। बताया जा रहा हैं कि अर्जुन अपने परिवारजनों के साथ अगस्त माह में भागवत कथा का आयोजन करा रहा था। अर्जुन ने यह कदम क्यों उठाया, पुलिस अब इस जांच में जुट गई है।

# इंडस्ट्रियल एरिया में जलभराव से फैक्ट्री संचालक परेशान

मुरैना। अंबाह बाईपास से लगे इंडस्ट्रियल एरिया एवं आसपास की रहवासी बस्तियों में बारिश के पानी का भारी जलभराव होने से फैक्ट्री संचालकों को भारी नुकसान हो रहा है, तो वहीं मकान बनाकर रहने वाले तमाम लोग परेशान हैं। बताया जाता है कि क्षेत्र में पानी का निकास नहीं है, जबकि यह क्षेत्र नगर निगम में आता है। नाला पूरी तरह से चौक पड़ा हुआ है तथा जो सीवर लाइन डाली गई है, वह बेअसर साबित हो रही है। बारिश के मौसम में भारी जलभराव क्षेत्र में हो रहा है, जिससे लोग परेशान हैं। रहवासी बस्ती में तो घरों के अंदर तक पानी पहुंच रहा है, तो वहीं इंडस्ट्रियल एरिया में फैक्ट्री वाले आने जाने के लिए परेशान है। बारिश के कारण फैक्ट्री संचालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। फैक्ट्री संचालकों एवं वासियों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि इस क्षेत्र में पानी के निकास की समुचित व्यवस्था की जाए।

# राजनीतिक स्वार्थ के लिए संघ की छवि धूमिल कर समाज को बांटना चाहते हैं : दिग्विजय

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। राम मोहन वस्तु भंडार संघ कार्यालय ग्वालियर से प्राप्त विज्ञप्ति अनुसार स्व.श्री गुरु गोलवलकर जी पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन। प्रबुद्ध नागरिकों ने की कांग्रेस नेता के विरुद्ध कार्यवाही की मांग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर 'गुरुजी' पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही की मांग को लेकर शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने सोमवार को जिलाधीश की अनुपस्थिति में अपर कलेक्टर एचबी शर्मा को ज्ञापन सौंपा। श्री शर्मा ने आश्वासन देते हुए कहा कि इस मामले में विचार कर उचित कार्यवाही की जाएगी। ज्ञापन सौंपते समय प्रबुद्ध नागरिकों ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह राजनीतिक स्वार्थपूर्ति के लिए संघ की छवि धूमिल कर समाज को बांटना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह ने एक भ्रामक पोस्ट अपने फेसबुक एवं ट्वीटर पर श्री गुरु जी के चित्र के साथ डाली है। जिसके कैप्शन में लिखा है गुरु गोलवलकर जी के दलित, पिछड़ों और मुसलमानों के लिए व राष्ट्रीय जल, जंगल व जमीन पर अधिकार पर क्या विचार थे अवश्य जानिए। इस पोस्ट के साथ जो पोस्टर शेयर किया गया है उसमें लिखा था सदाशिवराव गोलवलकर जी ने अपनी पुस्तक वी एंड अवर नेशनहुड आईडेंटीफाइड में स्पष्ट लिखा है जब भी सत्ता हाथ लगे तो सबसे पहले सरकार की धन, संपत्ति, राज्यों की जमीन और जंगल पर अपने 2-3 विश्वसनीय धनी लोगों को सौंप दें, 95 प्रतिशत जनता को भिखारी बना दें, उसके बाद सात जन्मों तक सत्ता हाथ से नहीं जाएगी। इस बात के नीचे श्री गोलवलकर जी की फोटो लगी हुई है। जिसके नीचे लिखा है, मैं सारी जिंदगी अंग्रेजों की गुलामी करने के लिए तैयार हूं, लेकिन जो दलित, पिछड़ों और मुसलमानों को बराबरी का अधिकार देती हो ऐसी आजादी मुझे नहीं चाहिए। गोलवलकर गुरु जी 1940। प्रबुद्ध नागरिकों ने कहा कि दिग्विजय सिंह की इस पोस्ट से करोड़ों भारतवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं। भारत का प्रत्येक नागरिक श्री गुरु जी के व्यक्तित्व, चरित्र एवं उनके कृतित्व से भली भांति परिचित है। इस देश के जनमानस में यह स्पष्ट है कि श्री गुरुजी जीवन पर्यंत विभिन्न वर्गों में बंटे समाज को प्रेम, सौहार्द सद्भावना और समरसता के रास्ते पर चलाकर एक करने के लिए प्रयत्नशील रहे हैं। उनके त्यागी, तपस्वी,प्रेरणादायक जीवन से प्रेरित होकर करोड़ों भारतवासी उनके प्रति अपनी आस्था रखते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह इससे पहले भी तुष्टिकरण की नीति के तहत राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं इससे जुड़े करोड़ों स्वयंसेवकों को बदनाम कर समाज को बांटने का प्रयास कर रहे हैं। जिससे उनकी सत्ता प्राप्त करने की राजनैतिक स्वार्थपूर्ति हो सके। ज्ञापन देने वालों में अखिल भारतीय पुजारी संघ के महासचिव गौरव महाराज, दीपक सचेती, डीआरडीई ग्वालियर के पूर्व निदेशक देवेन्द्र कुमार दुबे, संजीव बंसल, उप महाधिवक्ता वीरेन्द्र पाल, रविन्द्र कुशवाह, अतिरिक्त महाधिवक्ता विवेक खेडड़र, निर्मल कोठारी, पप्पू वर्मा, डॉ.राजेन्द्र गुर्जर, डॉ.संगीता वाल्मीकि, रीना सोलंकी, प्रमोद मिश्रा, रमाकांत समाधिया, हेमलता राव, दीप्ती सांघी, कर्नल श्रीमनजी, नेहा अग्रवाल आदि शामिल रहे।



# जिले के 10 हजार युवाओं को सीखो कमाओ योजना से मिलेगा रोजगारः एडवोकेट कुशवाह

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिंड ।** प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह ने प्रेस वार्ता के जरिया बताया कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए सीखों कमाओ योजना का 4 जुलाई को भोपाल के रविंद्र भवन से शुभारंभ किया गया था।यह योजना लर्न एंड अर्न शैली पर आधारित है, जो युवाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाएगी। जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह ने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर युवाओं को इस योजना की जानकारी देंगे, जिलाध्यक्ष ने बताया कि सीखो कमाओ योजना के तहत जिले के करीब 10 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं + आईटीआई रखी गई है। सीखो कमाओ योजना के तहत 8 से 10 हजार रुपए देने का भी प्रावधान है, प्रेस वार्ता में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह, जिला मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदौरिया, जिला उपाध्यक्ष रामख्यातार सिंह गुर्जर के अलावा कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से विधायक मेवाराम ने की मुलाकात

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भोपाल । मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से भिण्ड जिले के विधानसभा गोहद के विधायक मेवाराम जाटव ने शिष्टाचार मुलाकात कर विधानसभा की समस्याओं से अवगत कराया एवं भिण्ड जिले में विधानसभा चुनाव 2023 की तैयारी की जानकारी दी।

# अभ्युदय पाटन नगर कार्यकारिणी उद्घोषणा एवं सम्मलेन

**निल कुमार, ब्यूरो चीफ दैनिक पुष्पांजली टुडे**

गुजरात। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो राष्ट्रहित के लिए कार्य कर रहा है एवं छात्र हित के लिए 1949 से आज तक संघर्षरत है। ईश्वर 09 जुलाई के दिन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, पाटन शाखा द्वारा पाटन नगर करोबारी÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रांतीय संयुक्त मंत्री अंकित भाई नाई एवं पाटन जिला अध्यक्ष मौलिक भाई सथवारा साहेब एवं पाटन जिला संयोजक जयभाई बारोट उपस्थित रहे थे। ईस कार्यक्रम के दौरान पाटन नगर कारोबारी की घोषणा की गई। कारोबारी इस प्रकार है। नये पदस्थ निम्न दर्शित गण मान्य सदस्य को नियुक्त किये गए।

**नगर अध्यक्षः जयभाई त्रिवेदी**–नगर मंत्रीः मौलिक भाई चौधरी नगर सह मंत्रीः साहिल देसाई नगर सह मंत्रीः सिद्धराज सिंह ठाकोर

नगर सह मंत्रीः साक्षीबेन नाय - पार्थभाई बारोट




नगर सह मंत्रीः ध्रुवीबेन गोहिल सेल के अध्यक्ष कार्यालय मंत्रीः कार्तिकेय पाठक

# गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में श्री गुरु दर्शन एवं गुरु पादुका पूजन समारोह कार्यक्रम

**दिनांक 12 जुलाई 2023 प्रातः 9:00 बजे से .स्थान. अखंड परमधाम गिरवाई नाका.ग्वालियर.**

**महेंद्र शर्मा.. उप संपादक पुष्पांजलि टुडे, ग्वालियर.**

डबरा के श्री कैलाश भार्गव से प्राप्त जानकारी अनुसार गुरु पूर्णिमा के परिप्रेक्ष्य में श्री गुरु दर्शन एवं गुरु पादुका पूजन समारोह कार्यक्रम 12 जुलाई 2023 को प्रातः 9:00 बजे से अखंड परमधाम गिरवाई नाका ग्वालियर में रखा गया है. महाराज श्री का अखंड परम धाम रानी गली सप्त सरोवर हरिद्वार में मुख्य आश्रम है. साध्वी रितंभरा जी साध्वी निरंजन ज्योतिजी जो केंद्रीय राज्य मंत्री हैं ,इनके महाराज श्री गुरुदेव हैं. अयोध्या श्री राम मंदिर ट्रस्ट के 16 सदस्यों में से 1 सदस्य हैं. वेदांत के अद्वितीय विद्वान हैं. ऐसे संत श्री का ग्वालियर में दर्शन लाभ लें।



# देश में अराजकता फैलाने बाली शक्तियों से निपटा जायेगा।

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर, अखिलभारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय कौशाध्यक्ष श्याम सिंह तोमर ने जारी प्रेस विग्यप्ति में बताया की वृंदावनकी पावन भूमि से चलकर आगरा, धोलपुर, मुरैना होते हुए पुरानी छावनी पर भव्य स्वागत के बाद मलग?ा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेंद्र सिंह तोमर ने रानी अवंतिवाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उसके बाद उनका भव्य स्वागत किया गया , उसके बाद चार शहर का नाका पर सभी सामजो से यात्रा का भव्य स्वागत किया गया , हजीरा पर सर्वटे जी की प्रतिमा पर मायलयर्पण किया तथा सौरव तोमर एवं व्यापारी संघ द्वारा भव्य स्वागत किया गया, पताली हनुमान पर सुनील शर्मा एवं सर्व समाज द्वारा स्वागत किया गया, प?ाव एक लालबहादुर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा बघेल समाज, वैश्य समाज, कायस्थ समाज द्वारा स्वागत किया गया। तत्पचात महाराजा मान सिंह प्रतिमा स्थल पर श्री राकेश जादौन, श्री जय सिंह कुशवाहा, श्री के.डी. सोनाकिया,श्री महेश मुदगल श्री रामबाबू कटारे द्वारा धर्म कलश का अभिवादन किया गया उसके बाद श्री शिवराम सिंह गौर एवं श्री सुरेंद्र सिंह तोमर द्वारा वैदिक मंत्रो द्वारा कलश की स्थापना की गई। उसके बाद इंद्रप्रस्थ गार्डन पर विशाल आम सभा के रूप मे यात्रा परिवर्तित हो गई। इस कार्यक्रम श्री सुरेंद्र सिंह तोमर (राष्ट्रीय अध्यक्ष) श्री शिवराम सिंह गौर श्री जय सिंह कुशवाहा, श्री राजीव सिंह भदौरिया,के.डी, सोनाकिया जी, महेश मुदगल जी, श्री रामबाबू कटारे जी ,अशोक तोमर जी, पूपेंद्र तोमर जी, रेशु राजावत ,सुनीता तोमर ,गायत्री चौहान, मीना चौहान, महेन्द्र तोमर, अभय तोमर, रामोतार बैस, कुलदीप सिकरवार, सतेंद्र सिंह भदौरिया जी मुखरूप से उपस्थित थे। भगवान श्री राम की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के बाद बाद श्री रामकुमार सिंह सिकरवार प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सभी अथितियों का माला पहनाकर स्वगात किया गया उसके बाद सभा को राष्ट्रीय संरक्षक श्री शिवराम सिंह गौर द्वारा संदेश यात्रा को साधुवाद दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेंद्र सिंह तोमर ने संदेश देते हुए कहा कि इस समय राष्ट्रीय विघटनकारी शक्तियां देश के लिए खतरा बनती जा रही है ऐसी विघटनकारी शक्तियों से अब शक्ति से निपटा जायेगा। आज समाज को तोड़ने एवं भाई चारा खत्म करने के लिए राष्ट विरोधी तागते उभर रही है, पार्टयों के संरक्षण प्राप्त लोग बजूद पर हमले कर रहे है उन्हे करारा जबाब आगामी समय मे दिया जायेगा। क्षत्रिय सदैव अनुशासन का परिचय देता आयाहै यदि कोई उनके बजूद पर हमला करेगा और मां बाप को गाली देगा चाहे वह किसी भी वर्ग का हो, उन्हे बक्शा नहीं जायेगा। आगामी समय मे सभी समाज एक जुट होगर अपनी ताकत का एहसास कराएंगे, कार्यक्रम मे सर्व श्री अबोद तोमर, सुखवीर तोमर, बाबू राठौड़, बर्जेश बैस,दिनेश भदौरिया, राजाराम सेंगर चंद्रप्रकाश राजावत, बर्जेश तोमर, धर्मेंद्र सिंह तोमर, बालभद्र सिंह, आशीष भदौरिया, कार्यक्रम का संचालन श्याम सिंह तोमर एवं आभार महेन्द्र सिंह तोमर ने व्यक्त किया।



# नगरपालिका परिषद् भिण्ड, जिला-भिण्ड (म.प्र.)

क्रमांक/ई-टेण्डरिंग/निर्माण/2023/2926 - 2930 भिण्ड, दिनांक: 23-06-2023

**ई-निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति**

समस्त केन्द्रीयकृत पंजयीनधारी ठेकेदारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद् भिण्ड को निम्नांकित कार्य के लिये नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के चालू सी.एस.आर. दिनांक 02 अगस्त, 2021 की अनुसूची से प्रतिशत दर आधार पर (फार्म 2.10 पर) https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | निविदा आमंत्रण का प्रकार | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ist call | प्र.क्र. 568/23x3/4 वार्ड क्र. 1 में सी सी रोड एवं सी सी ड्रेन निर्माण कार्य सेवाराम कटारे से सुखदेव तक। | 1446660/- | 14500/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 2 | Ist call | प्र.क्र. 571/23x3/4 वार्ड क्र. 02 में डब्लयू.बी.एम. रोड निर्माण कार्य विभिन्न गलियों रानी का ताल वाली गली । | 1631643/- | 16400/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 3 | Ist call | प्र.क्र. 1719/22x3/4 वार्ड क्र 5 में बंगला बाजार के दोनों साईड में आर सी सी ड्रेन निर्माण कार्य । | 1283349/- | 12900/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 4 | Ist call | प्र.क्र. 595/23x3/4 वार्ड क्र. 6 में सी सी रोड मय सी सी ड्रेन निर्माण कार्य महेश मिश्रा से राजेश तक | 1677571/- | 16800/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 5 | Ist call | प्र.क्र. 593/23x3/4 वार्ड क्र. 6 में सी सी रोड मय सी सी ड्रेन निर्माण कार्य रामकरन से टीकम तक | 1456005/- | 14600/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 6 | Ist call | प्र.क्र. 594/23x3/4 वार्ड क्र. 6 में सी सी रोड मय सी सी ड्रेन निर्माण कार्य सैनिक भवन से रनवीर तक | 1101224/- | 11100/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 7 | Ist call | प्र.क्र. 592/23x3/4 वार्ड क्र. 6 में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य शास्त्री चौराहे के पास | 1013674/- | 10200/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 8 | Ist call | वार्ड क्र. 7 में सी सी रोड मय ड्रन निर्माण कार्य वेदप्रकाश से वीरसिह भदौरिया तक | 2184976/- | 21900/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 9 | Ist call | प्र.क्र. 525/23x3/4 वार्ड क्र. 08 में सी.सी. रोड एवं सी.सी. नाली निर्माण कार्य उमेश शर्मा से राहुल यादव तक। | 1387625/- | 13900/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 10 | Ist call | प्र.क्र. 522/23x3/4 वार्ड क्र. 08 में सी.सी. रोड एवं सी.सी. नाली निर्माण कार्य मदन सिंह तोमर से भूरे गुर्जर तक। | 1682211/- | 16900/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 11 | Ist call | प्र.क्र. 590/23x3/4 वार्ड क्र. 8 में सी सी रोड मय सी सी ड्रेन निर्माण कार्य गुड्डू डिसक वाली गली | 1669924/- | 17000/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 12 | Ist call | प्र.क्र. 588/23x3/4 वार्ड क्र. 8 में सी सी रोड मय सी सी ड्रेन निर्माण कार्य जोरसिंह व कमलेश वाजपेयी के मकान से शेर सिंह परिहार से होशिया से आलम खान तक | 1675667/- | 16800/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 13 | Ist call | प्र.क्र. 1768/22x3/4 वार्ड क्र. 8 में सी सी रोड मय सी सी ड्रेन निर्माण कार्य बरूआ बिल्डिंग मटेरियल | 1675911/- | 16800/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 14 | Ist call | प्र.क्र. 1721/22x3/4 वार्ड क्र. 8 में सी सी रोड मय सी सी ड्रेन निर्माण कार्य चौहान के मकान से पिंटू त्रिपाठी ओपी गर्ग के मकान से उमेश समाध्यि तक। | 2967977/- | 29700/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 15 | Ist call | प्र.क्र. 1722/22x3/4 वार्ड क्र. 8 में सी सी रोड मय सी सी ड्रेन निर्माण कार्य गली नं 7 इकरा प्रोफेशनल इंसटीटयूट से वीनू भदौरिया के मकान तक | 3454240/- | 34600/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 16 | Ist call | प्र.क्र. 1790/22x3/4 वार्ड क्र. 10 में सी सी रोड मय सी सी ड्रेन निर्माण कार्य माताप्रसाद कुशवाह से पायल तक | 2705600/- | 27100/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 17 | Ist call | प्र.क्र. 579/23x3/4 वार्ड क्र 11 में लक्ष्मण बाबा थान से तेल मील के पीछे तक सरमन सकूल के पास तक सी सी रोड एवं सी सी ड्रेन निर्माण कार्य । | 1279128/- | 12800/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 18 | Ist call | प्र.क्र. 576/23x3/4 वार्ड क्र 11 में चंद्रपाल हाउस से हरीवीर के मकान तक सरमन स्कूल के पीछे तक सी सी रोड एवं सी सी ड्रेन निर्माण कार्य । | 1375062/- | 13800/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 19 | Ist call | प्र.क्र. 575/23x3/4 वार्ड क्र 11 में नीलकण्ठ स्कूल महावीरनगर ब्रजेन्द्र ओझा सोवरन सिंह राजावत रामौतार भदौरिया से रामजीलाल तक सी सी रोड एवं सी सी ड्रेन निर्माण कार्य । | 1636431/- | 16400/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 20 | Ist call | प्र.क्र. 585/23x3/4 वार्ड क्र. 11 में सी सी रोड मय सी सी ड्रेन निर्माण कार्य सुंदरपुरा में डॉ महेश रसीद खान रामअवतार से मानसिंह से सीताराम शाक्य तक | 3296537/- | 33000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 21 | Ist call | वार्ड क्र. 11 में सी सी रोड मय ड्रन निर्माण कार्य अमरसिंह से सुरेन्द्र तक । | 538890/- | 5400/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 22 | Ist call | प्र.क्र. 1788/22x3/4 वार्ड क्र 13 में एम के जैन से ईदगाह तक सी सी रोड एवं सी सी ड्रेन निर्माण कार्य । | 1981950/- | 19900/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 23 | Ist call | प्र.क्र. 1785/22x3/4 वार्ड क्र 15 में गायत्री मंदिर वाली गली तक आर सी सी ड्रेन निर्माण कार्य । | 1589197/- | 15900/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 24 | Ist call | प्र.क्र. 1739/22x3/4 वार्ड क्र 15 में गायत्री मंदिर वाली गली में सी सी रोड एवं सी सी ड्रेन निर्माण कार्य । | 1573704/- | 15750/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 25 | Ist call | प्र.क्र. 513/23x3/4 वार्ड क्र 15 में गायत्री मंदिर के पीछे वाली गली अशोक जैन मोबाईल टावर तक सी सी रोड एवं सी सी ड्रेन निर्माण कार्य । | 1054649/- | 10550/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 26 | Ist call | प्र.क्र. 572/23x3/4 वार्ड क्र 15 में सुमित दुबे से अभय तक सी सी रोड एवं सी सी ड्रेन निर्माण कार्य । | 1465544/- | 14700/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 27 | Ist call | प्र.क्र. 521/23x3/4 वार्ड क्र. 19 में सी.सी. रोड एवं सी.सी. नाली निर्माण कार्य बजरंग कॉलोनी | 1122978/- | 11300/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 28 | Ist call | प्र.क्र. 1762/22x3/4 वार्ड क्र 21 में पार्क सौन्दर्यीकरण कार्य। | 1780347/- | 17850/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 29 | Ist call | प्र.क्र. 586/23x3/4 वार्ड क्र 21 में स्ट्रील लाइट लगवाने का निर्माण कार्य । | 1255962/- | 12600/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 30 | Ist call | प्र.क्र. 589/23x3/4 वार्ड क्र. 21पानी की टंकी के पास में आर सी सी ड्रेन निर्माण कार्य | 1696598/- | 17000/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 31 | Ist call | प्र.क्र. 180/22x3/4 वार्ड क्र. 21 में नाला मरम्मत कार्य पुलिस लाइन के पीछे। | 2294613/- | 23000/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 32 | Ist call | प्र.क्र. 582/23x3/4 वार्ड क्र. 24 में सी सी रोड मय सी सी ड्रेन निर्माण कार्य रामप्रताप गार्डन के पीछे सगरा व पांडरी वालो की गली | 2403327/- | 24100/- | 5000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 33 | Ist call | प्र.क्र. 569/23x3/4 वार्ड क्र. 25 में सी सी रोड एवं सी सी ड्रेन निर्माण कार्य गली न. 08 मै राजा महेश्वरी (नियर आईडिया टावर) से रिलायंस मुख्यमार्ग तक। | 1626042/- | 16260/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
| 34 | Ist call | प्र.क्र. 578/23x3/4 वार्ड क्र 25 में दुर्गानगर में पप्पू तोमर वाली गली तथा जयसिंह कुशवाह वाली गली तथा मोनू राजावत तक सी सी रोड एवं सी सी ड्रेन निर्माण कार्य । | 1026517/- | 10300/- | 2000/- | केन्द्रीयकृत पी.डब्ल्यू.डी. रजिस्ट्रेशन | 03 माह |
